शेयर बाजार
सेंसेक्स 82,498.14 -1,236.11 (-1.48%)
निफ्टी 25,454.35 -365.00 (-1.41%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम 24 carat
सोना 1,52,200.00
चांदी 2700.00

सूर्योदय प्रात: 6:17 | सूर्यास्त संध्या 5:47 | पखवाड़ा फाल्गुन शु. तृतीया, संवत 2082 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 15°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026, वर्ष : 17, अंक : 09, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

## प्रधानमंत्री ने विश्व के समक्ष भारत का 'सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय' का बेंचमार्क किया प्रस्तुत

# भारत को एआई में दिखता है भाग्य और भविष्य : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एआई शिखर सम्मेलन में विश्व के समक्ष भारत का सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का बेंचमार्क प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एआई को कुछ देश और कम्पनियां रणनीति के तौर पर इस्तेमाल करने की सोच रही हैं। भारत का मानना है कि एआई के लिए पारदर्शिता सबसे महत्त्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे विश्व का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक एआई इम्पैक्ट समिट बताया और कहा कि हमें आज यह संकल्प करना चाहिए कि एआई को वैश्विक भलाई ( ग्लोबल कॉम गुड) के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने एआई से जुड़ा 'मानव' विजन प्रस्तुत किया। मानव विजन का अर्थ है एम (मोरल एंड एथिकल सिस्टम), ए (अकाउंटेबल गवर्नेंस) एन (नेशनल सॉवरेन्टी) ए (एक्सेसिबल एंड इंक्लूसिव) वी (वैलिड एंड लेजिटीमेट)।
इस कार्यक्रम में फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, राष्ट्राध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, अन्य मंत्रीगण, बहुपक्षीय संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि और प्रौद्योगिकी एवं एआई उद्योग के नेता सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### एआई शिखर सम्मेलन



### पीएम ने कहा

- एआई में पादर्शिता जरूरी, बने सबके हित और सबके सुख का साधन
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता नैतिक दिशा-निर्देशों पर आधारित होनी चाहिए
- भारत के पास है प्रतिभा, ऊर्जा क्षमता और नीतिगत स्पष्टता

AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA

## नयी दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन



### प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक नेताओं और दुनिया के शीर्ष सीईओ का लिया सामूहिक यादगार चित्र

**भारत** मंडपम में आयोजित इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में जुटे वैश्विक नेताओं और शीर्ष सीईओ के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने एक यादगार सामूहिक चित्र लिया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल प्रमुख विश्व नेता थे: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस एचएच शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ, हेलेनिक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओरपो और एस्टोनिया के राष्ट्रपति एलार कारिस। इसके साथ ही गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सीईओ सैमुअल हैरिस ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के सीईओ और सह-संस्थापक डारियो अमोदेई और अन्य भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत की। विभिन्न देशों के पवेलियन का दौरा किया और एआई के जन-केन्द्रित शासन पर जोर दिया। सोशल मीडिया पर यह चित्र साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा एआई को 'समावेशी विकास की शक्ति' बताते हुए कहा कि यह नागरिकों को सशक्त बना सकता है और भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत कर सकता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### भारत-नीदरलैंड ने द्विपक्षीय सहयोग पर की बातचीत

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ से गुरुवार को मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि यहां हुई इस बैठक में दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का साधन बनाने पर विचार साझा किये। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ताओं के निष्कर्ष का स्वागत किया और इसके शीघ्र क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता जतायी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अबूधाबी के क्राउन प्रिंस के साथ एआई सहयोग पर चर्चा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद ● शेष पृष्ठ 11 पर


### अश्विनी वैष्णव ने की नयी दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं की घोषणा

**केन्द्रीय** सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'नयी दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं' की घोषणा की। ये दो मुख्य लक्ष्यों पर आधारित हैं । पहला, डेटा से रोजगार और आर्थिक बदलाव के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां बनाना। दूसरा, एआई को बहुभाषी और सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाना। ये ग्लोबल साउथ के लिए एआई को समावेशी बनाने में भारत का नेतृत्व दिखाती हैं। कई बड़ी एआई कम्पनियां और भारतीय इनोवेटर्स इसमें स्वैच्छिक संकल्प ले रहे हैं। भारत का एआई गवर्नेंस विजन जिम्मेदार नवाचार के लिए मार्गदर्शक है। सात विषयगत कार्यकारी समूब के निष्कर्ष ढांचा तैयार करेंगे। आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण 'सतर्क उत्साह' का है। जोखिमों से सजग रहते हुए वैश्विक मानकों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत एआई को लेकर बहुत आशावादी है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की ताकत देखी है, अब एआई अगला बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा। ये भाप इंजन, बिजली और इंटरनेट जैसा बदलाव लायेगा। एआई सिर्फ आर्टिफिशियल नहीं, डेटा से सीखनेवाली असली तकनीक है। ये सभी इंडस्ट्रीज को प्रभावित करेगी। रिलायंस के मुकेश अम्बानी ने कहा कि ये समिट भारत के तकनीकी इतिहास का निर्णायक पल है। एआई विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने की ताकत बनेगा। सही इस्तेमाल से दुनिया से गरीबी खत्म हो सकती है, पूरी मानवता के लिए समृद्धि ला सकता है। एआई इंसानों की तरह सीख सकती है, बोल सकती है, काम कर सकती है। उन्होंने एआई को महाभारत के अक्षय पात्र से जोड़ा। उन्होंने कहा कि दुनिया एक मोड़ पर है। एक रास्ता जहां एआई सीमित रहेगा, दूसरा जहां सबके लिए अवसर पैदा करेगा। भारत दूसरे रास्ते में विश्वास करता है। भारत के पास मजबूत आधार है। सबसे ज्यादा मोबाइल डेटा यूज, सस्ता डेटा, आधार, यूपीआई, स्टार्टअप इकोसिस्टम। जियो अब एआई परिवर्तन में बड़ी भूमिका निभायेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### माह-ए-रमज़ान



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 5 : 49 | 5 : 03 |

### एक झलक

#### पंजाब सचिवालय व सीएम कार्यलय को उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद सचिवालय की इमारत को खाली करा लिया गया। इससे पहले भी हरियाणा व पंजाब सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। गुरुवार को धमकी मिलने के बाद पंजाब के साथ साथ एहतियातन हरियाणा सचिवालय को भी अलर्ट पर रखा गया है। आज मिले धमकी भरे मेल में सचिवालय के साथ साथ मुख्यमंत्री कार्यलय में विस्फोट करने का दावा किया गया है।

### अंदर के पन्नों पर

3 झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से...
5 तेज हुई सियासी हलचल, दलों की सक्रियता व बागियों...
7 सुरक्षित, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करें...
9 बिहार में गैर मजरूआ जमीन पर कब्जे का उठा मामला...
10 हरमनप्रीत बनीं महिला क्रिकेट की सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय...

### कार्टून कोना




## केरल में दिवंगत नन्ही बिटिया आलिन शेरिन अब्राहम का अंगदान कर माता-पिता ने पेश की मानवता की मिसाल : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 'एक्स' हैंडल पर ट्वीट कर कहा है कि केरल की नन्ही बिटिया आलिन शेरिन अब्राहम... यह नाम पूरे देश को द्रवित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अपनी संतान को खो देना किसी भी माता-पिता के लिए सबसे असहनीय क्षण होता है। ऐसे समय में, जब हृदय शोक से भरा हो, अपने जिगर के टुकड़े के अंग दान करने का निर्णय शेरिन एन जॉन और अरुण अब्राहम के साधारण नहीं, बल्कि अद्भुत साहस, त्याग और करुणा का उदाहरण है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम ने कहा

- शेरिन एन जॉन एवं अरुण अब्राहम के अद्भुत साहस, त्याग और करुणा को नमन..।
- केरल सरकार ने दिवंगत आलिन के अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान देकर मानवता के इस संदेश को ऊंचाई दी

## देश के बाकी बचे राज्यों में भी एसआईआर की तैयारी शुरू करने के निर्देश

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने देश के बाकी बचे राज्यों में भी मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। सम्भावना है कि बाकी बचे राज्यों में अप्रैल से यह प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में सम्बन्धित राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को पत्र लिखा है।

## 08 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया अमीन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिल्ली :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची की टीम ने सिल्ली अंचल कार्यालय में पदस्थापित अमीन गणेश महतो को 08 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। ग्राम लोवादाग निवासी वासुदेव महतो ने एसीबी से शिकायत की थी कि जमीन की नापी के बाद रिपोर्ट एवं नक्शा उपलब्ध कराने के बदले 08 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने उसका सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाये गये। एसीबी इंस्पेक्टर ने बताया कि पूर्व सूचना के आधार पर 19 फरवरी 2026 को ट्रैप बिछाया गया और अमीन को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ लिया गया। कार्रवाई के दौरान इस मामले में एक निजी अमीन की संलिप्तता भी सामने आयी, जो मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने अंचल कार्यालय स्थित आरोपी के कार्यालय कक्ष की तलाशी ली। साथ ही उसके आवास पर भी छापेमारी की गयी, लेकिन वहां से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।



- जमीन नापी रिपोर्ट देने के बदले मांगी गयी थी घूस, निजी अमीन फरार

## कानपुर में विमानन और रक्षा क्षेत्र के लिए खुलेगा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को इंडिया-फ्रांस वर्ष नवाचार का वर्ष के उद्घाटन अवसर पर कानपुर के राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में एरोनॉटिक्स और रक्षा क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की। यह केन्द्र भारत सरकार के प्रधानमंत्री उन्नत आईटीआई के माध्यम से कौशल और रोजगार रूपांतरण (पीएम-सेतु) कार्यक्रम के तहत फ्रांस सरकार के सहयोग से स्थापित किया जायेगा।
कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने बताया कि प्रस्तावित केन्द्र में विमानन, मेंटेनेंस, रख-रखाव, मरम्मत और समग्र निरीक्षण (एमआरओ), हवाई अड्डा संचालन, रक्षा निर्माण और संबद्ध क्षेत्रों में उन्नत कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसे विश्वस्तरीय संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा, जो भारत की अंतरिक्ष विज्ञान और रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा।

## दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचीं प्रियंका गांधी, मां कामाख्या का लिया आशीर्वाद

एजेंसी

**गुवाहाटी :** कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में दो दिवीसय दौरे पर पहुंचीं। उनका मकसद आनेवाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को तेज करना है। बोरझार में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद, प्रियंका गांधी पूजा करने के लिए सीधे कामाख्या मंदिर के लिए रवाना हो गयीं। हवाई अड्डे पर असम प्रदेश कांग्रेस पार्टी (एपीसीसी) के अध्यक्ष एवं सांसद गौरव गोगोई समेत अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। मंदिर जाने के बाद, वह स्क्रीनिंग से जुड़ी कई बैठक की अध्यक्षता करने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के लिए रवाना हुईं।



## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद उग्रवादी कैडर व जेल वार्डन गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में बीते 24 घंटे में सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस द्वारा चलाये गये अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी। साथ ही, विभिन्न प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के कैडरों तथा एक जेल वार्डन को गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई थाना अंतर्गत लोइतांग लैकिंथाबी पहाड़ी क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने एक एके-47 घाटक राइफल मैगजीन सहित, दो .303 राइफल, एक डबल बैरल राइफल, एक सिंगल बैरल राइफल, तीन नंबर-36 एचई ग्रेनेड तथा पांच आईईडी बरामद किये। वहीं, वांगोई थाना क्षेत्र के हियांगथांग ताराहेई आवांग लैकाई के तलहटी क्षेत्र से तीन हैंड ग्रेनेड, एक हाई एक्सप्लोसिव बम, विभिन्न कैलिबर के 15 जिंदा कारतूस, चार 5.56 मिमी के खाली खोखे, एक ट्यूब लॉन्चर तथा ग्रीन 90 एकेएफजी अंकित दो अज्ञात विस्फोटक बरामद किये गये।तेंगनौपाल जिले के मोरेह थाना अंतर्गत यांगौबुंग क्षेत्र (बीपी-72 के निकट) से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल मैगजीन सहित तथा दो चीनी हैंड ग्रेनेड बरामद किये।

## झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में सुचारु रूप से चला प्रश्न काल

# सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खूब हुए सवाल-जवाब, नोक-झोंक भी हुई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही 11.05 बजे शुरू हुई। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। प्रश्न काल सुचारु रूप से चला। इस दौरान ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने चांडिल डैम से प्रभावित विस्थापितों के पुनर्वास का मुद्दा उठाया।
विधायक ने कहा कि चांडिल डैम से प्रभावित विस्थापितों का अब तक पुनर्वास नहीं किया गया है। दो साल से कोई बैठक नहीं हुई है। इस पर जल संसाधन मंत्री हफीजुल अंसारी ने जवाब दिया कि विस्थापितों को पैसा दिया जा रहा है। 13 जगहों पर विस्थापितों को पैसा दिया गया है। बाकी को दिया जा रहा है। इस पर विधायक सबिता महतो ने बताया कि सिर्फ 116 गावों के विस्थापितों को ही पैसा दिया गया है। बाकी को भी दिया जाये। इस पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सभी को नियमानुसार पेमेंट किया जायेगा।
वहीं, डुमरी विधायक जयराम महतो ने किसानों के खेतों की सिंचाई को लेकर डैम बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हमें जवाब मिला कि सिंचाई के लिए डैम बनाया गया है। ऐसे एक गांव का भी नाम बतायें, जहां खेतों की सिंचाई डैम के पानी से हो रहा है। इस पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि 04 लाख एकड़ से अधिक जमीन की सिंचाई डैम के पानी से हो रही है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत और जी राम जी के मुद्दे पर हुई नोक-झोंक

**झारखंड** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए सत्तापक्ष के विधायक हेमलाल मुर्मू ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के प्रोटोकॉल तथा वीबी जी राम जी योजना को लेकर गुरुवार को आपत्ति जतायी, जिस पर सदन में तीखी बहस छिड़ गयी। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि हाल में राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम्) को राष्ट्रीय गान (जन मन) से पहले गाना अनिवार्य किया जाना एक धर्मनिरपेक्ष राज्य में साम्प्रदायिकता की झलक मिलती है। उन्होंने वंदेमातरम् के कुछ अंशों पर ऐतिहासिक विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने मनरेगा के नामकरण, जी राम जी, ओबीसी के आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर केन्द्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उनके वक्तव्य के दौरान भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति जतायी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा परिसर के बाहर मांडू विधायक ने हाथियों के हमले से मौत पर किया प्रदर्शन




**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को मांडू विधायक ने झारखंड में जंगली हाथियों के हमले से हो रही मौत पर प्रदर्शन किया। दरअसल, हाल ही में हाथियों के हमले में सात लोगों की मौत के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है। इस पर विधानसभा परिसर के बाहर मांडू विधायक निर्मल महतो सीढ़ियों पर बैठ कर बैनर के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और वन विभाग पर गम्भीर लापरवाही का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि राज्य में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है और वन विभाग उनकी गतिविधियों पर नजर रखने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। उनका आरोप है कि कई-कई दिनों तक हाथी लापता रहते हैं और अचानक गांवों व शहरों में घुस कर जान माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### रिवर साइड में सरहुल पूजा समिति ने की बैठक



**भुरकुंडा** : रिवर साइड स्थित सरना स्थल पर गुरुवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दर्शन गंझू और संचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। समिति की ओर से बताया गया कि बताया जाता कि समिति आगामी 19 मार्च को रूसा, 20 मार्च को सरहुल पूजा किया जाएगा। वहीं 21मार्च को सरना स्थल से भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। मौके पर रितिका भोक्ता, देव कुमार बेदिया, मिथलेश टुडू, अखिलेश टोप्पो, सामू मुंडा, रावल एक्का, रेणुका खालको, जोसेफिन डिसूजा, प्रेसी सलोनी तिर्की, ज्योति लकड़ा, सुरेश रजवार, अनीता देवी, गोविंद कुमार, तारणी बेदिया, प्रकाश राम, अविनाश कच्छप, मुनकी बेदिया सहित अन्य मौजूद थे।

### चातमसाल गांव में फुटबॉल खेल का हुआ आयोजन



**तमाड़** : तमाड़ प्रखंड अंतर्गत मानकीडीह पंचायत के चातमसाल गांव में गुरुवार को फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य अथिति के रुप मे युवा समाजसेवी आदित्य नाग उपस्थित थे उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की इस प्रकार के खेल के आयोजन से गावों मे छुपी प्रतिभा को देखने को मिलता है, साथ ही इसी प्रतिभा को हम आगे ले जाने का काम करेंगे, जिससे अपने भविष्य को उज्ववल बना सके मौके पर विजेता उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर नोबो पुराण, अर्जुन मुंडा, भीम मुंडा, सुखराम मुंडा, अमरजीत सहित अन्य उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में हुई मारपीट

**बुढ़मू** : जमीन विवाद में हुई मारपीट में ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के गुरुगाई मंदनाटोली निवासी विजय महतो, कृष्ण महतो और शंकर महतो घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुढ़मू अंचल के नाऊज मौजा में रामेश्वर महतो व उनके तीन भाइयों ने तीन एकड 22 डीसमील जमीन खरीदी थी। इसी जमीन में कृष्ण महतो और शंकर महतो भवन निर्माण का कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान विजय महतो सहित तीन चार लोग कार्य स्थल पर पहुंचकर कार्य को बंद करवा दिया। इस दौरान दोनों पक्ष में हुई मारपीट में विजय महतो, कृष्ण महतो और शंकर महतो घायल हो गए। तीनों का सीएचसी बुढ़मू में ईलाज कराया गया। दोनों पक्ष से मिले आवेदन के अनुसार बुढ़मू पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रानी टूटी के समर्थन में भाजपा ने चलाया प्रचार अभियान

**खूंटी** : खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के जिला दतिया (वार्ड संख्या 4) में गुरुवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करना और भाजपा समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी के पक्ष में एकजुटता दिखाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखी गई। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव स्थानीय विकास की दिशा तय करता है, इसलिए सभी मतदाताओं को सोच-समझकर मतदान करना चाहिए। उन्होंने सभी समाज के लोगों से अपील की कि वे प्रत्याशी रानी टूटी को छड़ी छाप पर वोट दे कर विजयी बनाने के लिए संगठित प्रयास करें।

## अमृत भारत योजना के तहत मिला आधुनिक स्वरूप, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया निरीक्षण

# 22 करोड़ से संवर गया पिस्का रेलवे स्टेशन

- यात्रियों की सुविधाओं में कोई कमी न रहने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किये गये पिस्का रेलवे स्टेशन का गुरुवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध करायी गयी नयी और आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रियों की सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है। देशभर के छोटे-बड़े स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। पिस्का रेलवे स्टेशन को नया स्वरूप मिलने से ग्रामीण और नगड़ी से सटे क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल स्टेशन के कायाकल्प तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। मंत्री ने स्टेशन भवन के आकर्षक नए डिजाइन, भव्य प्रवेश द्वार, उन्नत प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा, आधुनिक टिकट काउंटर, डिजिटल सूचना बोर्ड और बेहतर प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन किया। स्टेशन परिसर में सौंदर्यीकरण, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था तथा दिव्यांगजनों के लिए रैंप जैसी सुविधाओं की भी सराहना की गई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्टेशन को स्थानीय संस्कृति की झलक के साथ आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी एक्सप्रेस को एक मिनट का ठहराव, रांचीझ्डालटेनगंज के लिए नई ट्रेन वर्तमान मेमू ट्रेनों में अतिरिक्त बोगी जोड़ने तथा नई रेल सेवाओं की व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा नेता केदार महतो, चूड़ामणि महतो, विंध्याचल महतो,अखिलेश केशरी, जयकिशन महतो, दीपक केशरी, शिला देवी, त्रिवेणी साहू, प्रेम सागर महतो, रितेश, राज, बिरसा उरांव, रघुनंदन महतो, देवकुलिश महतो सहित अन्य कार्यकर्ता, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। स्थानीय नागरिकों ने पिस्का रेलवे स्टेशन के कायाकल्प पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

## नगरपालिका चुनाव को लेकर उपायुक्त ने रामगढ़ कॉलेज का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : नगर पालिका को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर रामगढ़ महाविद्यालय में प्रस्तावित डिस्पैच सेंटर, स्ट्रांग रूम (वज्रगृह) औ मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, भवन प्रमंडल रामगढ़ के अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस के क्रम में उपायुक्त ने महाविद्यालय परिसर में पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से समयबद्ध रूप में पूर्ण करने तथा निर्वाचन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## आरटीसी कॉलेज ओरमांझी में जलवायु व ग्लोबल वार्मिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ानेवाला रहा : डॉ. भीम महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : रामटहल चौधरी महाविद्यालय, ओरमांझी के भूगोल विभाग द्वारा गुरुवार को 'जलवायु तथा ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन)' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.भीम महतो ने किया। जबकि अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मीनू कुमारी ने की। कार्यशाला में वैश्विक तापन के कारण जलवायु में हो रहे परिवर्तन, बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा एवं बाढ़ जैसी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से विमर्श हुआ। वहीं विभागाध्यक्ष प्रो. मीनू कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक जागरूकता और व्यवहारिक कदमों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के किशन कुमार महतो, संगीता कुमारी,पुष्पा मुण्डा एवं टोप्पो उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अनुराधा कुमारी, मानवशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा अल्का तिर्की,मनोविज्ञान विभाग के प्रो. राम नरेश पाण्डेय, नागपुरी विभाग के प्रो. प्रेमनाथ सहित अन्य शिक्षकगण–प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, प्रो. इकबाल अंसारी, प्रो. राम कुमार महतो तथा लाइब्रेरियन मंजीता कुमारी की सहभागिता रही। विचार प्रस्तुत करने वाली छात्राओं में प्रीति कुमारी, लक्ष्मी, प्रियंका, मनीषा, काजल, नमिका, अंजलि, सनम, निशा, रजनी, सिद्धि एवं तुलसी प्रमुख रहीं। छात्राओं ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों एवं समाधान पर सारगर्भित विचार रखे।

## सीआईटीई में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**अनगड़ा** : कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन बहाया में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरमबोर्ड, टेनिस, चेस , चाइनीज चेकर आदि इंडोर व आउटडोर गेम का आयोजन होगा। मौके पर संस्थान के खेल निदेशक डॉ रजनीश महतो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से जहां शारीरिक चुस्ती दुरुस्ती बनी रहती है, वहीं मानसिक विकार भी दूर होते हैं। उद्घाटन के मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ रेणु, संयोजक संजीव तिवारी, डॉ सत्येश कुमार सिंह, विकास कुमार विक्की, प्रो मिलन कुमार, अपूर्व मुखर्जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने सभी प्रतिभागी टीमों को बधाई दी है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने मटन और चिकन दुकानों की जांच की

# तीन दुकानों पर लगाया पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को चितरपुर और कोठार क्षेत्र में संचालित मीट और चिकन दुकानों में सघन जांच किया। जांच के दौरान पाया गया कि अधिकांश दुकानें भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से निर्गत अनुज्ञप्ति/रजिस्ट्रेशन के बिना संचालित हो रही है। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के शेड्यूल के अनुरूप स्वच्छता और अन्य मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है । कई दुकानों में अत्यधिक गंदगी भी पाई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए निम्न दुकानों पर जुमार्ना लगाया गया। जिसमें चितरपुर के न्यू महतो मटन शॉप और मेहता मीट दुकान पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं कोठार चौक स्थित मटन विक्रेता तौफीक अंसारी पर भी पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दुकानों को सुधार करने हेतु नोटिस जारी किया गया। जिसमें चितरपुर के न्यू महतो मटन शॉप, मेहता मटन दुकान, लालू मटन दुकान, जय मां काली मटन दुकान, अनिल मुर्गा दुकान कोठार स्थित जेश चिकन शॉप और जेल मोड़ स्थित देवानंद मटन शॉप को नोटिस जारी किया है। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह, रामनाथ प्रसाद, लुकेश रवानी समेत रजरप्पा प्रोजेक्ट थाना के गश्ती दल के सदस्य शामिल थे। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की जांच आगे भी जारी रहेगी तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 24 फरवरी से



- बेड़ो के हरहंजी गांव में तीन दिवसीय श्री शिव मंदिर व शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा पूजन का होगा आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के हरहंजी गांव स्थित नवनिर्मित श्री शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर पूरे मंदिर परिसर में तैयारी जोर शोर से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव में साफ सफाई के साथ मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। यहां पूरे गांव के लोग तैयारियों में जुटे हुए है। इस तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ 24 फरवरी दिन मंगलवार को प्रातः नौ बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से होगा। वहीं दो बजे से पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश किया जाएगा। 25 फरवरी दिन बुधवार को सभी देवी देवताओं का आह्वान पूजन, सर्ववेदी प्रतिष्ठा, प्रतिमा का जलाधिवाश, अन्नादिवास, फलाधिवाश, पुष्पाधिवास एवं अखंड हरीकृतन होगा। 26 फरवरी को सर्ववेदी पूजन, नेत्रदान, महास्नान, अंगन्यास, शय्याधिवास, शिखर न्यास, शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम वासी लगे हुए है।

# अखिल भारतीय आचार्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

- आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर, कुदलुम के प्राचार्य हुए पुरस्कृत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : अखिल भारतीय आचार्य निबंध प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर लाखों की संख्या में आचार्यों ने भाग लिए। उक्त प्रतियोगिता का विषय महाकुंभ 2025 का आयोजन आपकी दृष्टि में कैसा रहा था। प्रतियोगिता में विद्या विकास समिति झारखंड (उत्तर पूर्व क्षेत्र) के विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह के आचार्य और संप्रति आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर, कुदलुम, रांची के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिन्हा जी को पुरस्कृत किया गया है। विद्या विकास समिति के वंदना सभा में अखिल भारतीय मंत्री मा. ब्रह्मा राव और विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा जी ने प्रदत्त प्रमाण पत्र, पुरस्कार की राशि और अंग वस्त्र प्रदान कर इन्हें सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विद्या विकास समिति ,झारखंड ,सरस्वती विद्या मंदिर, बरगंडा,गिरिडीह और आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में हर्ष का माहौल है। पुरस्कृत प्राचार्य को बधाइयां दी जा रही है। स्थानीय प्रबंधकारिणि समिति के अधिकारियों ने भी इन्हें बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र के अतिरिक्त कक्ष की मांग, एसएमसी ने बीडीओ को सौंपा पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोसो कलां की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने आँगनबाड़ी केंद्र संचालन के लिए अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराने की माँग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला डॉ.सुधा वर्मा को पत्र सौंपा है। समिति के अध्यक्ष इंतखाब आलम ने पत्र में उल्लेख किया है कि विद्यालय परिसर में कक्षों की कमी के कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या अधिक है, जबकि उपलब्ध कक्ष अपर्याप्त हैं। ऐसी स्थिति में आँगनबाड़ी केंद्र के संचालन के लिए अलग भवन या कक्ष की आवश्यकता बताई गई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि विद्यालय में संसाधनों की कमी के कारण बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसएमसी ने प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए आँगनबाड़ी केंद्र को विद्यालय परिसर से बाहर स्थानांतरित करने अथवा अलग कक्ष की व्यवस्था करने की मांग की है। समिति ने इस संबंध में संबंधित विभागों से सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लखन राम रविदास, सहायक शिक्षक मनोज सिंह, हरि सिंह मुंडा, सालेहा खातून, रीमा देवी, खालिदा बेगम, सोनी देवी,शीला देवी, सुमन देवी, सकून देवी सहित कई अन्य मौजूद थे।

# नवनिर्मित सूर्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव छह मार्च से

- पांच दिवसीय अनुष्ठान का होगा आयोजन, जिसमें रहेंगे आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी एवं सहयोगी प्रवचन कर्ता शालिनी त्रिपाठी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**इटकी** : प्रखंड के बाहरी तालाब स्थित नवनिर्मित सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर पूरे मंदिर परिसर में तैयारी जोर शोर से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव में साफ सफाई के साथ मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। यहां पूरे गांव के लोग तैयारियों में जुटे हुए है। इस पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ 6 मार्च दिन शुक्रवार को प्रातः सात बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से होगा। इसके बाद पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश किया जाएगा और शाम में संध्या सात बजे से कथा का शुभारंभ होगा। 7 मार्च दिन शनिवार को सभी देवी देवताओं का आह्वान पूजन, अरनी मंथन जलाधिवास संध्या आरती एवं प्रसाद वितरण संध्या सात बजे से कथा 8 मार्च रविवार को मंडप देवताओं का पूजन, अन्नादिवास, हवन, प्रतिमा का नगर भ्रमण, संध्या आरती प्रसाद वितरण, न्यास शय्याधिवास, संध्या सात बजे से कथा 9 मार्च सोमवार को मंडप पूजन, शिखर स्नपन एवं भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, हवन, संध्या आरती एवं प्रसाद वितरण संध्या सात बजे से कथा 10 मार्च मंगलवार को मंडप देवताओं का उत्तर पूजन, हवन, पुर्णाहुति, आरती एवं संध्या सात बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी एवं सहयोगी प्रवचन कर्ता शालिनी त्रिपाठी होंगी। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम वासी लगे हुए है।

## रामगढ़ में तीन वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गये जेल

**रामगढ़** : पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार वारंटियों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि कंप्लेंट केस मामले के वारंटी अभियुक्त छतरमांडू निवासी ओमप्रकाश कुमार, पतरातू बस्ती, नायक टोला निवासी वारंटी अभियुक्त छोटू नायक और मनुवा गांव निवासी वारंटी अभियुक्त मोहम्मद आवेश राजा उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया है।

# भारत भारती विद्यालय में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी** : भारत भारती विद्यालय उरीमारी में गुरुवार को सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उरीमारी ओपी प्रभारी रथु उरांव शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर संजय यादव, विद्यालय के निदेशक अनिमेष कुमार यादव, सहायक निदेशक अभिषेक कुमार यादव, प्राचार्य माहे आलम अंसारी, उप प्राचार्य चार्य अर्जुन कुमार साव, वरीय शिक्षिका सीमा श्रीवास्तव और राधिका कुमारी भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार ने किया। सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम में कक्षा सातवीं से नौवीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रथु उरांव ने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। जिसमें बच्चा चोरी, रोड सेफ्टी, साइबर फ्रॉड, पोस्को एक्ट और नैतिक शिक्षा को लेकर उन्होंने महत्वपूर्ण बातें साझा की। इस दौरान बच्चों को नियमों का अनुपालन करने और सजग रहने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन कुमार साव ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

# पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली करनेवाला अपराधी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के नाम पर लेवी वसूली, अवैध हथियार रखने और चोरी की मोटरसाइकिल के उपयोग आपराधिक घटनाओं में करने सहित कई मामलों का वांछित कुख्यात अपराधी अजीम हव्वारी उर्फ हिमांशु( 36 ) को पुलिस ने खूंटी से गिरफ्तार कर लिया। वह लियाकत अली लेन खूंटी का रहनेवाला है। इस संबंध में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में इस कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में नक्सली संगठन से जुड़ा रहा है और वर्तमान में अलग गिरोह बनाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के नाम पर क्षेत्र में लेवी वसूली की जा रही है तथा अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री का नेटवर्क संचालित हो रहा है। सूचना की सत्यता की जांच करते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और छापेमारी कर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया है कि वह पीएलएफआई संगठन से जुड़े हथियार और गोली को कपड़ों में छिपाकर बेचता था। साथ ही संगठन के नाम पर व्यवसायियों और आम लोगों से लेवी की मांग करता था। आरोपित का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में दहशत फैलाकर अवैध वसूली करना था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पूर्व में पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य रहा है। वर्तमान में उसने अपना अलग गिरोह बना लिया था और हथियार के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में लूटपाट एवं रंगदारी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, हथियार कहां से लाए जाते थे तथा अब तक कितने लोगों को हथियार सप्लाई किए गए हैं। आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह कई बार जेल भी जा चुका है।

## ममता देवी ने मारंगमरचा स्थित कोल्ड स्टोर को चालू करने और गोला प्रखंड में नये कोल्ड स्टोर के निर्माण की रखी मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : रामगढ़ विधायक ममता देवी ने विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में सदन में तारांकित प्रश्न के माध्यम से किसानों के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने चित्तरपुर प्रखंड के मारंगमरचा स्थित बंद पड़े कोल्ड स्टोर को अविलंब चालू करने तथा गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण की मांग की। विधायक ममता देवी ने सदन में कहा कि रामगढ़ जिले के किसान सब्जी, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन तो कर रहे हैं, लेकिन भंडारण की असुविधा एवं कोल्ड स्टोरेज की सुविधा के अभाव में उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। मरंगमरचा स्थित कोल्ड स्टोर लंबे समय से बंद पड़ा है, जिसके कारण किसानों को मजबूरी में अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि गोला प्रखंड एक प्रमुख कृषि क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में किसान सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती करते हैं। यदि यहां कोल्ड स्टोर का निर्माण किया जाए, तो किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने, बाजार तक सही समय पर पहुंचाने और बेहतर कीमत प्राप्त करने में मदद मिलेगी। विधायक ने सरकार से मांग की कि मारंगमरचा कोल्ड स्टोर को शीघ्र चालू किया जाए और गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण हेतु आवश्यक बजट एवं स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और कृषि को बढ़ावा मिल सके।

## एक झलक

### श्री राणी सती मंदिर कार्यालय में कार्यकारिणी की हुई बैठक

**रांची :** श्री राणी सती मंदिर कार्यालय में कार्यकारणी की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 1 मार्च 2026 दिन रविवार को होली रंगोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें दादीजी को छप्पन भोग का प्रसाद, फूलों की होली एवं भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी यह कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगा। संध्या 4 बजे भव्य श्रृंगार एवं ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, रंगोत्सव के कार्यक्रम में प्रथम बार भजन जैमिंग का भव्य आयोजन संध्या 5 बजे से किया गया है भजन जैमिंग गायकी पायल अग्रवाल वाराणसी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। संध्या 7 बजे से फूलों की होली का आयोजन किया गया है। रात्रि 9 बजे समापन आरती कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्य समिति के सदस्यगण ने अपनी सहमति जतायी और कार्यक्रम को तन मन धन से आयोजन सफल बनाया जाएगा।

### अधिवक्ता मनोज टंडन के विरुद्ध किसी भी प्रकार की जांच पर रोक

**रांची :** हाइकोर्ट ने डोरंडा थाना क्षेत्र में कार और बाइक दुर्घटना मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता मनोज टंडन के विरुद्ध किसी भी प्रकार की जांच पर रोक लगा दी है। हाइकोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने खुद को पीड़ित बतानेवाले युवक मोवाज खान द्वारा सोशल मीडिया पर उन्मादी पोस्ट लिख कर जारी करने को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ साथ सीबीआई को नोटिस जारी कर युवक के प्रतिबंधित संगठन ढत्र्क्रसे संपर्क एवं क्रियाकलापों की जांच कर शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है ।इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 24 मार्च का समय निर्धारित किया है। हाईकोर्ट के इस आदेश से अधिवक्ता मनोज टंडन को बड़ी राहत मिली है। वहीं अधिवक्ता मनोज टंडन ने अपनी याचिका में न्यायालय से यह मांग की है कि उनके खिलाफ दर्ज FIR निरस्त किया जाए, एवं उनकी गाड़ी छोड़ी जाए और वीडियो बनाने वाले उन्मादी भीड़ जो उनके जान पर उतारू थी उसकी जांच हो।

### चूटूपालु घाटी में बाइक पर पलटा अनियंत्रित ट्रेलर, एक की मौत

**रांची/रामगढ़ :** चूटूपालु घाटी (एनएच-33) में गुरुवार को रांची की ओर से तेज रफ़्तार ट्रेलर (एनएल 01एल- 9799) का अचानक ब्रेकफेल हो गया। इससे ट्रेलर पूरी तरह से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर फोरलेन सड़क के दूसरे छोर में तड़पर कर बाइक पर पलट गया। इससे रांची की ओर जा रहे बाइक (जेएच01 डीडी-2053) ट्रेलर की चपेट में आ गया। इस घटना में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना में ट्रेलर के चालक और खलासी भी घायल हो गये। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस और एनएचएआइ की रेस्क्यू टीम घटना स्थल पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया जहां बाइक सवार युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान कुजू ओपी क्षेत्र के दुघमटिया निवासी राहुल करमाली के रूप में हुई है। वह अपनी दो ममेरी बहनों श्वेता कुमारी सहित एक अन्य को प्रतियोगिता परीक्षा दिलाने के लिए तोपा से रांची ले जा रहा था। दुर्घटना के बाद रामगढ़ से रांची की ओर जाने वाली सैकड़ों गाड़ियां घाटी में घंटों तक फंसी रही। पुलिस ने हाइड्रा और क्रेन के माध्यम से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को बीच सड़क से हटाकर आवागमन चालू कराया। इधर, सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल छात्राओं और ट्रेलर चालक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

# जवानों के लिए खुलेगा अस्पताल : डीजीपी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस की विशेष एंटी नक्सल इकाई झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस रांची स्थित जगुआर मुख्यालय में गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान जवानों ने परेड और हथियारों का प्रदर्शन भी किया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर झारखंड डीजीपी तदाशा मिश्रा, एडीजी मनोज कौशिक, आईजी साकेत सिंह आईजी माइकल राज आईजी अनूप अनूप बीथ्रे, आईजी असीम विक्रांत मिंज, आईजी अजय लिंडा, आईजी प्रभात कुमार, डीआईजी कन्हैया मयूर पटेल, डीआईजी इंद्रजीत महाथा, डीआईजी चंदन झा अन्य वरीय पदाधिकारी एवं जवानों के परिजन और अन्य लोग मौजूद रहे। मौके पर डीजीपी तदाशा मिश्रा ने कहा कि नक्सल समस्या पर झारखंड जगुआर ने अपनी आहूति देकर काबू पाया है। डीजीपी ने बताया कि 18 साल में जगुआर ने नक्सल आउटफिट्स के खिलाफ बेहतर काम किया है। हमारे झारखंड जगुआर को श्रेष्ठ बनाने में बेहतर प्रशिक्षण की भूमिका है। नए लड़के बेहतर काम कर रहे हैं। वर्तमान सरकार ने पुलिस की चुनौतियों को ठीक करने की दिशा में काम किया है। ऐसे में पुलिस का मनोबल बढ़ा है। 18 सालों में 350 से अधिक नक्सल की गिरफ्तारी हुई है। 50 से ज्यादा को मार गिराया गया। डीजीपी ने बताया कि झारखंड जगुआर के जवान नक्सलियों के खिलाफ बेहतरीन तो हैं ही। साथ ही जगुआर की बीडीएस टीम (बम निरोधक दस्ता) भी बेहतर कार्य कर रही है। नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी और लैंड माइंस को निष्क्रिय कर नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाया और जंगली रास्तों को अपने फोर्स और ग्रामीणों के लिए सुरक्षित बनाया। जगुआर की स्थापना दिवस के अवसर पर डीजीपी तदाशा मिश्रा ने जगुआर मुख्यालय में एक अस्पताल खोलने की घोषणा की। डीजीपी ने बताया कि आईजी झारखंड जगुआर अनूप बिरथरे ने जगुआर कैंपस में एक अस्पताल होना अनिवार्य बताया था। यह सच भी है कि इतने बड़े कैंपस में डॉक्टरों की टीम का होना बेहद आवश्यक है। इसलिए जल्द ही 10 बेड का एक अस्पताल झारखंड जगुआर कैंपस में शुरू किया जाएगा, जिसमें डॉक्टरों की टीम के साथ-साथ चिकित्सा की सभी व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर आईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि गठन के बाद से झारखंड जगुआर ने राज्य में शांति स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक जगुआर के 24 वीर जवान शहीद हुए हैं और वे सभी को नमन करते हैं। आईजी ने कहा कि झारखंड पुलिस और जगुआर के समर्पित प्रयासों के कारण आज राज्य इस मुकाम पर खड़ा है। फिलहाल चाईबासा जिला को नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है, लेकिन पुलिस और जगुआर की टीम जल्द ही वहां भी पूरी तरह शांति स्थापित कर देगी। एंटी-नक्सल ऑपरेशन के उद्देश्य से गठित इस विशेष बल ने अपने लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है, जो झारखंड के लिए एक बडी उपलब्धि है।





## रांची की साहित्यकार निर्मला करण विद्या वाचस्पति एवं ऋषि पिंगल पुरस्कार से सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची की लेखिका सह साहित्यकार निर्मला कर्ण को विक्रमशिला विश्वविद्यालय से विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की गयी। कार्यक्रम बिहार के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गया में आयोजित किया गया। वहां राज्य के बाहर के अनेक विद्वान व साहित्यकार मौजूद थे। विद्या वाचस्पति (पी.एच.डी) मानंद उपाधि/ सम्मान, अनेक काव्य मनीषियों एवं साधकों की उपस्थिति में विक्रमशिला विद्यापीठ के प्रस्तावक आचार्य डॉ. विजय गुंजन एवं डॉ. ओम प्रकाश वर्मा (उपनिदेशक राजभाषा), अंशुमान झा, (सहायक निदेशक, प्रसारभारती), प्रो. डॉ सुधा सिन्हा, अध्यक्ष दर्शन शास्त्र, डॉ. राशदादा राश द्वारा सम्मिलित रूप से प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में निर्मला कर्ण को प्रमाण-पत्र के साथ अंग वस्त्र और मोमेंटो प्रदान किया गया। छंदःशाला विद्यापीठ द्वारा निर्मला करण को पुनः छंद लेखन के क्षेत्र में कार्य करने के लिए ऋषि पिंगल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के रूप में अंगवस्त्र प्रमाण पत्र और मोमेंटो के साथ ग्यारह सौ रुपये नगद राशि दी गयी। यह पुरस्कार ओम प्रकाश वर्मा, उपनिदेशक राजभाषा, अंशुमान झा, सहायक निदेशक, प्रसार भारती, आचार्य डॉ. विजय गुंजन, प्रो. डॉ. सुधा सिन्हा, अध्यक्ष दर्शन शास्त्र, डॉ. राम सिंहासन सिंह, डॉ. राशदादा राश, डॉ. धनंजय शरण सिंह, अनिल कुमार झा, डॉ. संजय पंकज, श्यामबिहारी प्रभाकर, डॉ राजीव रंजन द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य एवं देश के अनेक गण्यमान्य विद्वान छंद रचनाकार की असंख्य उपस्थिति रही।



## CMAT 2026 परिणाम : रांची के गोपालजी झा बने झारखंड टॉपर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (CMAT) - 2026 के परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा घोषित कर दिये गये हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में रांची व झारखंड को बड़ी सफलता मिली है। रैंकिंग में रांची के शिक्षाविद एवं मेंटर गोपालजी झा ने 326 में से 400 अंक प्राप्त कर 99.93 प्रतिशत श्रेणी हासिल की और अखिल भारतीय रैंक (AIR) 29 के साथ झारखंड टॉपर का खिताब जीता है।

उल्लेखनीय है कि गोपालजी झा CMAT 2020 में ऑल इंडिया रैंक 1 भी रह चुके हैं, जो उनकी लगातार श्रेष्ठता को दर्शाता है। इस वर्ष CMAT परीक्षा 25 जनवरी 2026 को देश भर के 110 शहरों और 259 टेस्ट सेंटर्स में एक ही शिफ्ट में आयोजित की गयी थी। कुल 53,453 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 41,872 उम्मीदवार ने परीक्षा में भाग लिया, जिससे उपस्थित छात्रों की कुल उपस्थिति 78.33% रही।

CMAT स्कोर का उपयोग देश भर के AICTE-अनुमोदित MBA और PGDM कोर्सों में प्रवेश के लिए किया जाता है। इस वर्ष भी कई प्रमुख प्रबंधन संस्थान CMAT स्कोर स्वीकार कर रहे हैं, जिनमें शीर्ष संस्थानों जैसे कि JBIMS मुम्बई, हीllingkar Institute (मुंबई), NIBM पुणे, और IMT Group (जैसे IMT नागपुर, IMT मेरठ) शामिल हैं। ये कॉलेज अपने विविध MBA/PGDM कार्यक्रमों में CMAT के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करते हैं। हालांकि, प्रत्येक संस्थान अपनी कट-ऑफ और चयन प्रक्रिया (GD/PI) लागू करता है। गोपालजी झा की यह उपलब्धि शैक्षणिक समुदाय में सराही जा रही है और यह झारखंड के प्रबंधन अभ्यर्थियों के बीच प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है।

## सभी छात्रों व शिक्षकों के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** NSS बीआईटी मेसरा लालपुर के तत्वावधान में आगामी नगर निगम नगर पालिका चुनाव को लेकर सभी छात्रों शिक्षकों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व संयोजक डॉ. अभय रंजन श्रीवास्तव ने किया इसके तहत सभी सदस्यों द्वारा युवाओं को मतदान करने और उसके फायदे पोस्टर और सेल्फी के माध्यम से बताए गए। संस्थान के प्रभारी डॉ विजय कुमार झा द्वारा सेल्फी के साथ इस अभियान की शुरूआत की गई इसमे सहायक कुलसचिव नरेन्द्र कुमार डॉ. प्रदीप मुंडा, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ. अनीश हैदर, राणा मिश्रा, डॉ. सौमित्रो चक्रवर्ती डॉ. उमेश प्रसाद ठरर के ऊजार्वान सदस्यों श्रेया जायसवाल, अभिलाषा, संचिता, श्रेया सिंह, शिवेंदु, हर्ष, स्वधा, मेधा, संपूर्ण, हर्षिका, निमेष, उपस्थित रहे।

## पथरायीं आंखों में कैद 30 साल का दर्द

## 'अब मैं घर नहीं जाना चाहती...' कहते फफक पड़ी बुजुर्ग महिला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौशन ने स्वयं सीआईपी कांके, रांची का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में डालसा सचिव राकेश रौशन, सीआईपी के निदेशक बी.के. चैधरी, एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, न्यायमित्र भारती शाहदेव शामिल थी। बताते चले कि निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले डालसा सचिव ने सीआईपी के निदेशक से मिले एवं वहां की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात वहां पर स्थित वार्डों का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान ऐसे 47 मानसिक रोगी मिले, जो अब ठीक हो चुके है, लेकिन उनके घरवाले उन्हें अपने घर नहीं ले जाना चाहते है। निरीक्षण के दौरान एक महिला जो करीब 30 वर्षों से सीआईपी में भरती है। पूछताछ के क्रम में उन्होंने हाथ जोड़ कर सचिव महोदय को बतायी कि मैं अब अपना घर नहीं जाना चाहती हूं क्योंकि जब समय था, तब मेरे परिवारवाले मुझे नहीं ले गये, अब तो मैं बूढ़ी हो चुकी हूं। घर में मां-बाप सभी थे, लेकिन कभी मुझे देखने नहीं आये, अब मैं यही रहना चाहती हूं। निरीक्षण के क्रम में एक अन्य महिला पायी गयी जो 30 वर्ष की उम्र में उनके परिवारवाले अस्पताल में भरती कराकर छोड़ दिये थे। अभी उनकी उम्र 80 वर्ष हो गयी है। महिला आज भी अपने घरवालों की आने की इंतेजार करर ही है कि वे आयेंगे और ले जायेंगे।

## श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में फुलेरा दूज पर भक्ति व उल्लास का अद्भुत संगम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में फुलेरा दूज के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया और संपूर्ण वातावरण राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण का वृंदावन से आये जड़ित आभूषणों एवं मनमोहक पोशाक से अलौकिक एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित दरबार की छटा देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर ठाकुर जी के दर्शन किए और पुष्प अर्पित कर मंगलकामनाएं कीं। फुलेरा दूज को ब्रज में होली उत्सव के शुभारंभ का प्रतीक माना जाता है, अतः मंदिर में भी फूलों की सुगंध और भक्तिमय वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडेय ने विधि विधान- पूर्वक पूजा-अर्चना एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया।

## कांग्रेस भवन में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अपराह्न 12:15 बजे कांग्रेस भवन, रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की गरिमामयी उपस्थिति सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ज्योति सिंह माथारू के पहल पर समाजसेवी श्री सुखपाल सिंह नामधारी, श्री गुरदीप सिंह एवं श्री प्रितपाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सिख समुदाय के लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। कार्यक्रम के दौरान सभी नए साथियों का पार्टी नेतृत्व द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया गया। यह सदस्यता अभियान प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी नीतियों, सामाजिक समरसता और विकासोन्मुख दृष्टिकोण के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी , सोनाल शांति, कृषि विपणन अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, सह कार्यालय प्रभारी राजन वर्मा शामिल थे। अपने संबोधन में अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सर्वधर्म समभाव और भाईचारे की पक्षधर रही है। सिख समुदाय का ऐतिहासिक योगदान देश और समाज के निर्माण में अतुलनीय रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिख समाज के सम्मानित लोगों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रदेश में कांग्रेस की विचारधारा और मजबूत होगी। वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि यह सदस्यता कार्यक्रम केवल संख्या में वृद्धि नहीं, बल्कि विचारों की एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने नए साथियों से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची के सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु शिक्षकों का दल शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए हुआ रवाना



**रांची :** गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची के सत्र 2024-2026 के प्रशिक्षु शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण 19 से 21 फरवरी 2026 तक बिहार के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक नगर बोधगया में आयोजित किया जा रहा है। यह भ्रमण शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य शैक्षणिक अंग है। प्रशिक्षु शिक्षकों का दल आज प्रातः रांची से बोधगया के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु शिक्षक Mahabodhi Temple (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), पवित्र बोधि वृक्ष, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मठों तथा अन्य ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक अध्ययन करेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ से बदलेगी दिव्यांगों की जिंदगी

- 50 दिव्यांगजनों को मिलेगा कृत्रिम हाथ, पुणे से आयेगी विशेषज्ञ टीम, 24 को रोटरी भवन में लगेगा निःशुल्क शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रोटरी क्लब ऑफ रांची द्वारा सुजाता चौक के समीप रांची क्लब परिसर स्थित रोटरी भवन में 24 फरवरी को निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य अपना हाथ गंवा चुके दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। शिविर का लाभ उन व्यक्तियों को मिलेगा जिनके हाथ किसी दुर्घटना, बीमारी या अन्य कारणों से कट गए हैं। पंजीकरण के लिए इच्छुक लाभार्थियों को अपने कटे हुए हाथ की फोटो, आधार कार्ड की प्रति एवं संपर्क मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। असिस्टेंट गवर्नर (रोटरी इमेज) प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि शिविर में लगभग 50 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे।क्लब का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सामान्य जीवन जीने में सक्षम बनाना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इस शिविर के लिए इनाली फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम पुणे से रांची पहुंचेगी। टीम लाभार्थियों की जांच, माप, टेस्टिंग और फिटिंग की पूरी प्रक्रिया सम्पन्न करेगी। यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर में रजिस्ट्रेशन या जानकारी के लिए अमित अग्रवाल से 9431106421, भावना तनेजा से 8294635675, हरमिंदर सिंह से 9431101442, प्रकाश सरावगी से 9905813113, प्रवीण राजगढ़िया से 9470561085 पर संपर्क किया जा सकता है। यह शिविर दिव्यांगजनों के लिए नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

# विकसित झारखण्ड से ही बनेगा विकसित भारत : प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ

- पूर्वी भारत के बिना विकसित भारत अधूरा : आदित्य मल्होत्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रधानमंत्री इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य एवं देश के प्रख्यात आर्थिक चिंतक प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ ने आज अपने रांची प्रवास के दौरान चैम्बर भवन में आयोजित विकसित भारत बजट विषयक परिचर्चा में अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में प्रो. डॉ. वल्लभ ने कहा कि देशवासी माननीय प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब राज्य विकसित होंगे, और इसी क्रम में विकसित झारखण्ड से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि एक समय झारखण्ड के प्रमुख शहर देश की एमएसएमई गतिविधियों के इंजन हुआ करते थे, किंतु आज उनकी स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने विकसित भारत की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सोच में सकारात्मक सुधार है। एमएसएमई क्षेत्र पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत में डी-रेगुलेशन आवश्यक है, ताकि उद्योग केवल सूचना देकर कार्य प्रारंभ कर सकें और विभागीय चक्कर न काटने पड़ें। माननीय प्रधानमंत्री स्वयं हाई डी-रेगुलेशन के प्रबल समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को सबसे अधिक आवश्यकता पर्याप्त पूंजी और अल्पकालिक लिक्विडिटी सपोर्ट की है। वर्तमान बजट में केंद्र सरकार द्वारा 12,000 करोड़ के इक्विटी सपोर्ट की घोषणा की गई है, और इसी प्रकार का समर्थन राज्य सरकारों को भी करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बजट में एमएसएमई के लिए लिक्विडिटी, मार्केटिंग सपोर्ट तथा माइक्रो इकाइयों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कॉपोरेट मित्र की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आज एमएसएमई क्षेत्र देश में लगभग 12 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है और यह भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वैश्विक तनावों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। जनधन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन का आधार बना, पिछले 10 वर्षों में 40 करोड़ से अधिक लोगों को 22 लाख करोड़ से अधिक का मुद्रा ऋण दिया गया। पीएलआई योजनाओं और चाइना प्लस वन पॉलिसी का भी भारत को बड़ा लाभ मिला है, जिसके कारण देश लगभग 7.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है। उन्होंने एआई से जुड़ी चुनौतियों पर भी अपने विचार रखे। परिचर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने विस्तारपूर्वक एवं संतोषजनक उत्तर दिया। पूर्व अध्यक्ष आर. के. सरावगी ने कहा कि झारखण्ड में आज भी रेड टेपिज्म पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, ट्रेड लाइसेंस जैसी प्रक्रियाएं अब भी बाधा बनी हुई हैं तथा एमएसएमई को समय पर भुगतान नहीं हो पाता क्योंकि विभागों में धन की कमी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकारों द्वारा पूर्वी भारत के राज्यों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण झारखण्ड आज भी पिछड़ा हुआ है। इसके उत्तर में प्रो. डॉ. वल्लभ ने कहा कि वित्त आयोग के फॉमूर्ले के अनुसार ऐसा कोई राज्य नहीं है जिसे अनुदान न मिला हो, किंतु झारखण्ड में समस्या यह है कि विकास हेतु निवेश और कैपिटल एक्सपेंडिचर लगातार घट रहा है। जो राज्य विकास पर खर्च करते हैं, वही आगे बढ़ते हैं। उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि झारखण्ड में पर कैपिटा इनकम कम है इसलिए यहाँ लोगों के खर्च करने की क्षमता भी कम है, ऐसे में यहाँ पर उद्योग व्यापार का स्तर बड़ा करने के लिए केंद्र सरकार को विशेष आर्थिक पैकेज देना चाहिए।

## रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव का शुभारम्भ आज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** खाटूनरेश का आज अमावस्या महास्नान के बाद मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर के आचार्य के साथ विधायक विधान से केसर चंदन तिलक सिंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल रांची का 54वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव श्री गणेश पूजन के साथ कल 20 फरवरी शुक्रवार से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रारंभ हो रहा है। प्रातः 9:15 बजे राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया गणेश पूजन ध्वज स्थापना एवं हवन अनुष्ठान के समस्त पूजन कार्य संपन्न करवाएंगे। इसके बाद प्रातः 9.30 बजे हरमू रोड के गौशाला से श्री श्याम कथा के शुभ अवसर पर कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो की श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में आकर संपन्न होगी। जयपुर से प्रसिद्ध पाठ वाचक श्री गिरिराज शरण जी गुरुवार को संध्या 5:00 बजे विमान से रांची पधार चुके हैं। श्री श्याम कथा के मुख्य यजमान श्री कमल मोर श्री प्रतीक मोर अपने परिवार के साथ श्री श्याम कथा का पूजन पाठ विधि विधान से मंदिर परिसर में प्रारंभ करवाएंगे। झारखंड की धरती पर पहली बार श्री श्याम कथा का आयोजन संगीतमय भजनों एवं नृत्य नाटिका के साथ किया जा रहा है। श्याम जगत में एवं श्याम प्रेमियों के लिए यह कथा अमूल्य धरोहर के समान है।

## एक झलक

### गैर जमानती वारंट के अभियुक्त उलफत अंसारी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**चरही (हजारीबाग)** : थाना क्षेत्र के ग्राम कजरी निवासी उलफत अंसारी पिता यूनुस अंसारी, को चरही थाना कांड संख्या 62/15 जी.आर. 3751/15 के तहत एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) के वारंटी अभियुक्त के रूप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा लंबित वारंट के निष्पादन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बृहस्पतिवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### होली व रामनवमी को लेकर चरही थाना परिसर में बैठक आयोजित

**चरही (हजारीबाग) :** बृहस्पतिवार को चरही थाना परिसर में आगामी होली और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर लाइसेंस धारियों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों ने सभी लाइसेंसधारियों और डीजे धारकों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निदेर्शों का पालन करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से निर्धारित समय सीमा, ध्वनि प्रदूषण मानकों तथा बिना अनुमति जुलूस या कार्यक्रम आयोजित नहीं करने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और शांति का प्रतीक है, इसलिए सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### भव्य हिन्दू सम्मेलन 21 फरवरी को, तैयारियां जोरों पर

**हजारीबाग** : सनातन हिंदू सम्मेलन 21 फरवरी को रोमी मैदान में होगा। इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही है कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व एकल परिवार के सदस्यों ने उठाई है जिनके अगुवाई में प्रखंड के हर पंचायत, गांव, मोहल्ला में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है यहां तक की संगठन के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड भी बाटा जा रहा है और लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का अनुरोध किया जा रहा है। विहिप के सदस्यों ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक सहिष्णु और सर्वे भवंतु सुखिना का भाव सिर्फ और सिर्फ सनातन हिंदू संस्कृति में है। अपने हिंदू समाज की सामाजिक विषमताओं को दूर करने का सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भंडारा का भी व्यवस्था किया जा रहा है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गयी गंगा आरती

**चतरा** : इटखोरी में पवित्र महाने नदी के तट पर गंगा आरती का आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख और घंट की प्रतिध्वनि के बीच मां गंगा का आवाह्न किया गया। राजकीय इटखोरी महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को माता भद्रकाली मंदिर के समीप उत्तरवाहिनी महाने नदी के तट पर गंगा आरती में वाराणसी से आए वैदिक कर्मकांडियों ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद माता गंगा की आरती उतारी। आरती कार्यक्रम को देखने के लिए यहां काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। महोत्सव में पहली बार गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि इटखोरी प्रसिद्ध महाने और बक्सा नदी के तक पर बसा है। यही नदी आगे चल कर फल्गु कहलाती है। नदियों के संरक्षण और धार्मिक आस्था और पौराणिक मान्यताओं को लेकर जिला प्रशासन ने महोत्सव के पहले दिन यहां गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित किया। मंत्र उच्चारण और शंख घंट की ध्वनि से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया और मां गंगा के जयकारे से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

### बलियापुर पहुंचे मुख्यमंत्री, स्व. डॉ बुद्धदेव महतो को दी श्रद्धांजलि, श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर परिजनों को बंधाया ढांढस

# डॉ. बुद्धदेव महतो का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को बलियापुर पहुंचे और सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के छोटे भाई स्व. डॉ बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से रांची से बलियापुर पहुंचे, जहां जिला प्रशासन ने उनका स्वागत करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद वह ग्राम बड़ादाहा स्थित विधायक आवास पहुंचे और स्व. डॉ बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर





पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. डॉ. बुद्धदेव महतो एक शिक्षित और सम्मानित व्यक्ति थे, जिनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार और पूरा समाज शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से प्रार्थना करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

स्व. डॉ. बुद्धदेव महतो हजारीबाग टेक्निकल यूनिवर्सिटी में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थे और पिछले एक वर्ष से गम्भीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका निधन 07 फरवरी को रांची में हुआ था। वह अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र छोड़ गये हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड से लेकर विधायक आवास तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। कार्यक्रम में निरसा विधायक अरूप चटर्जी समेत जिला प्रशासन और पुलिस के कई आला अधिकारी मौजूद रहे। लगभग आधे घंटे रुकने के बाद मुख्यमंत्री वापस रवाना हो गये।

**अधिकारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की**

**सिन्दरी** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद महतो के पुत्र स्व डॉ. बुद्धदेव महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में धनबाद एसडीएम लोकेश बारंगे, बलियापुर अंचल अधिकारी मुरारी नायक एवं थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पहुंच कर डॉ. बुद्धदेव महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और परिजनों को ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, बलियापुर एयरड्रम, हेलीपैड एवं सुरक्षा व्यवस्था का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री को जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त होने के कारण कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किय गये थे और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।





मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के धनबाद आगमन पर एयरपोर्ट परिसर में जिला प्रशासन की ओर से दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने किया स्वागत।





पूर्व विधायक आनन्द महतो के सुपुत्र दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन।



## बोरागढ़ में संजीव सिंह का अभूतपूर्व स्वागत, फूलों की बारिश व नारों से गूंजा क्षेत्र


फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद नगर निगम चुनाव के मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह का जनसंपर्क अभियान बोरागढ़ क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से जोरदार हुआ। पूरे इलाके में समर्थकों और स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। धनबाद का मेयर कैसा हो – संजीव सिंह जैसा हो के जयघोष से बोरागढ़ गुंजायमान हो उठा।



माताओं-बहनों का आशीर्वाद, युवाओं का जोश और बुजुर्गों का विश्वास यह दर्शा रहा था कि जनता विकास और बदलाव के संकल्प के साथ खड़ी है। संजीव सिंह ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएँ सुनी और उनका समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संजीव सिंह ने कहा, बोरागढ़ की जनता का यह स्नेह और समर्थन मेरे लिए अनमोल है। मैं धनबाद को स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा। जनता का उत्साह यह संकेत है कि विकास की नई दिशा तय होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन और मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है। बोरागढ़ की जनता के अपार समर्थन और आशीर्वाद के लिए संजीव सिंह ने हृदय से आभार व्यक्त किया और इसे आने वाले सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया।

## बरही में खुले ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप विधायक ने सदन में उठायी मांग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण** : बरही विधानसभा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने और ग्रामीणों की समस्याओं के स्थायी समाधान को लेकर विधायक मनोज यादव ने विधानसभा के शून्यकाल में मांग रखी। विधायक ने सरकार से बरही अनुमंडल मुख्यालय में ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप स्थापित करने का आग्रह किया है।

**60-70 किमी दूर हजारीबाग जाने की मजबूरी से मिलेगी राहत**

**विधायक** ने सदन को अवगत कराया कि बरही विधानसभा के कई सुदूरवर्ती गांव, जैसे चौपारण का भगहर और बरही का भण्डारो पंचायत, जिला मुख्यालय हजारीबाग से लगभग 60 से 70 किलोमीटर दूर स्थित हैं। वर्तमान में ट्रांसफार्मर जलने पर ग्रामीणों और किसानों को उसे मरम्मत के लिए हजारीबाग ले जाना पड़ता है। लंबी दूरी तय करने में ग्रामीणों को भारी परिवहन खर्च वहन करना पड़ता है।

मरम्मति में देरी के कारण गांव कई दिनों तक अंधेरे में डूबे रहते हैं। जनता की समस्याओं का समाधान ही मेरी पहली प्राथमिकता है। बरही में वर्कशॉप खुलने से स्थानीय स्तर पर ही मरम्मत हो सकेगी, जिससे किसानों का पैसा और समय दोनों बचेगा।

## पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी समेत 07 लोग लिये गये हिरासत में



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी** : केरेडारी थाना के पगार ओपी क्षेत्र के कब्रिस्तान के पास चल रहे आंदोलन स्थल से गुरुवार को लगभग 3 बजे पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी, रामकुमार दुबे, कीर्तन राम समेत तीन महिलाओं को पुलिस के द्वारा 170 बी एन एस एस के तहत 24 घण्टे के लिए हिरासत में इस अभियान के नेतृत्व बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार कर रहे थे। साथ में केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, पगार ओपी प्रभारी दिनेश कुमार मंडल, सीकरी ओपी प्रभारी रामकुमार राम, बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, डाड़ी ओपी प्रभारी सगेन मुर्मू व पुलिस बल मौजूद थे। पुलिस ने डिटेंशन लोगो को केरेडारी थाना में रखा गया है। इस बीच पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद व पूर्व मंत्री के पुत्र सुमित कुमार समेत दर्जनों समर्थकों द्वारा थाना परिसर में देर शाम तक डटे हुए थे। पुलिस अधिकारी गिरफ्तारी की पुष्टी नही किए है।इधर अम्बा प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने कही की वर्तमान समय मे थाना जानने आई हूं कि मेरे माता, पिता समेत कुछ अन्य और भू रैयतों को किस वजह से थाना में लाया गया है। ज्ञात हो पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव के नेतृत्व में बिरसा विस्थापन यूनियन के तहत पिछले 48 दिनों से आंदोलन किए हुए थे। इस बीच पुलिस से कई बार नोकझोंक भी हुई थी। लेकिन बुधवार को पुलिस प्रशासन के देख रेख में कोल माइंस उत्खनन एवं प्रेषण ट्रासपोटिंग चार बजे शाम से चालू की गई थी। पूर्व मंत्री रात्रि में जैसे धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन का रूप रेखा शुरू कर दिए। गुरुवार को लगभग तीन बजे फिर से माइंस को बंद करने को लेकर जैसे ही आंदोलन स्थल से माइंस में जाने वाले थे कि पुलिस द्वारा गठित बल से बल पूर्वक हिरासत में ले लिया है।

## हजरत दूलाह शाह दरबार में तीन दिवसीय उर्स 03 अप्रैल से, तैयारी जोरों से

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**चौपारण** : प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चयकलां में स्तिथ हजरत दूलाह शाह बाबा के दरबार में तीन दिवसीय उर्स मेला का आयोजन 3 अप्रैल से शुरू हो रहा है। जो 5 अप्रैल तक चलेगा। अराकीने उर्स कमेटी इसकी तैयारी में जोर शोर से जुटे हुए हैं। यह जानकारी कमिटी के पदाधिकारीयों ने दी। वहीं चयकला के मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर व पंसस प्रतिनिधि मो फैजान अजमेरी ने बताया कि उर्स के मौके पर पूरी रात महफिले समा अर्थात कव्वालियों का कार्यक्रम आयोजित होता है जिसमें देश की मशहूर कव्वाल पार्टियां सूफियाना कलाम पेश करते हैं। और कव्वाल अपने गायन से जायरीन को सूफियाना रंग में रंग देते हैं। इसकी शुरूआत 3 अप्रैल से होगी। जहां 3 अप्रैल को कुरान ख्वानी का कार्यक्रम है। जिसमें बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बंगाल, उड़ीसा और हैदराबाद के कई प्रख्यात इस्लामिक विद्वान , वक्ता और नात खां शिरकत करेंगे। इनमें पुर्व राज्यसभा सांसद व एम एल सी बिहार के गाजी ए मिल्लत अल्लामा मौलाना गुलाम रसूल बलियावी साहब, मौलाना सैयद कामरान हसीब साहब रामगढ़, नकीब जनाब जमाल अख्तर साहब पलामू,

### विश्वविद्यालय में गैर जरूरी कार्य से बचें अधिकारी

## शिक्षकों का बेवजह अपमान ना करें : विभावि स्नातकोत्तर शिक्षक संघ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय में शिक्षकों के वेतन भुगतान को लेकर अनावश्यक शर्तों के जोड़े जाने पर शिक्षक काफी हताश है। शिक्षकों का कहना है कि जिस विश्वविद्यालय में शिक्षकों के हित में कोई निर्णय को लागू करने में महीने लग जाते हैं वहीं अहित के मामले बिजली गति से पारित हो जाते हैं। अभी ताजा मामला वेतन भुगतान के लिए राज्य सरकार के लेखा परीक्षा (audit) विभाग से संबंधित औपचारिक प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए विभागाध्यक्षों द्वारा समर्पित मासिक उपस्थिति विवरणी को सहायक द्वारा लौटाए जाने से उत्पन्न हुई है। विश्वविद्यालय में कोई ऐसी अधिसूचना नहीं है की वेतन भुगतान के लिए विभागाध्यक्षों तथा निदेशकों द्वारा सत्यापित उपस्थिति मान्य नहीं होगी। प्रत्येक महीना की भांति जब इस माह की अब्सेंटी समर्पित की गई तो इसे लौटा दिया गया। एक तृतीय वर्गीय कर्मचारी ने लौटाते वक्त बताया कि अब अब्सेंटी के साथ बायोमेट्रिक प्रतिवेदन संलग्न करके समर्पित करने पड़ेंगे। विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन लगे हुए हैं और उस पर उपस्थिति बनाए भी जाते हैं। परंतु मशीन को लेकर कई तरह की शंकाएं है। मशीन के प्रतिवेदन विश्वसनीय नहीं है। एक तो बिजली की समस्या होने से यह मशीन कार्य नहीं करते। दूसरा कि यह उंगली या चेहरे को कई बार ठीक से पढ़ नहीं पाता है। ऐसे गलत प्रतिवेदन को सत्यापित करने के निर्देश से शिक्षक हतप्रभ है।

इसी विषय को लेकर आज विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक विभागों के शिक्षकों ने एक आपात बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय कि इस कार्यशाली पर हैरानी जताई गई। शिक्षकों ने बताया कि जहां एक-एक शिक्षक से औसतन तीन शिक्षकों का कार्य लिया जा रहा है वहां इस तरह के आचरण अत्यंत निराशजनक है।

## विकास राणा ने चलाया सघन डोर-टू-डोर अभियान, जनता का मिला व्यापक समर्थन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : नगर निगम चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में महापौर प्रत्याशी विकास राणा ने रामनगर, कदमा, विष्णुपुरी और शिवदयाल नगर क्षेत्र में सघन डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। यह जनसंपर्क कार्यक्रम आनंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की गयी, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जनसंपर्क के दौरान विकास राणा ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता स्वच्छता, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि महापौर बनने के बाद पारदर्शी और जवाबदेह



प्रशासन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नगर का विकास ही मेरा संकल्प है और जनता का विश्वास ही मेरी ताकत। विकास राणा की छवि एक युवा, ऊर्जावान और जमीनी नेता के रूप में उभरकर सामने आई है। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी और आम लोगों के बीच लगातार उपस्थिति ने उन्हें जनता के करीब लाया है। क्षेत्र की महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने खुलकर समर्थन व्यक्त किया और नगर के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें सक्षम नेतृत्व बताया। अभियान के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया और ह्यनाम विकास, काम विकासह्ल जैसे नारों से माहौल उत्साहित रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्हें ऐसा नेतृत्व चाहिए जो केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहे और विकास राणा इस अपेक्षा पर खरे उतरते दिखाई दे रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के अंत में कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि नगर की जनता इस बार विकास और विश्वास की राजनीति को चुनते हुए विकास राणा को भारी मतों से विजयी बनाएगी। इस मौके पर सतपाल सिंह, छोटू सिंह, अजिताभ दुबे, शंकर राणा, रोशन सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, निपु सिंह, कुणाल सिंह, रोहित गिरी, रवि राणा, हर्ष कुमार सहित कई समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी तस्लीम अंसारी के पक्ष में पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में मटवारी तथा लाखे में सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क अभियान में कांग्रेस के कई वरीय पदाधिकारी सक्रिय कार्यकर्ता एवं सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। कांग्रेसी नेताओं ने डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं से तस्लीम अंसारी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान मतदाताओं ने भी



सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बदलाव और विकास के लिए इस बार समर्थन देने का भरोसा जताया। जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर कुमार मेहता, रजी अहमद नगर अध्यक्ष परवेज अहमद सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह, कोमल कुमारी, बेबी देवी, मनिषा टोप्पो, कैलाश पति देव, सलीम रजा, रघु जायसवाल, नौशाद आलम, ओमप्रकाश पासवान, बाबर अंसारी, मोहम्मद वारिस, शिव नंदन साहू, जय कुमार महतो, अनिल कुमार राय, निसार अहमद भोला, भैया असीम कुमार, बालेश्वर महतो, विकास प्रसाद, माशूक रजा, मोहम्मद साजिद, गिरजा शंकर, मोहम्मद सलीम, राजू खान, मुन्नी देवी, प्रतिमा कुमारी, मोहम्मद मेहराब के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भाजपा ने हजारीबाग नगर निकाय चुनाव में बेदाग, सुयोग्य एवं एक जनसेवक को अपना समर्थन दिया है : मनीष जायसवाल

**हजारीबाग** : नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रेसवार्ता झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय में की गई। प्रेस वार्ता में सांसद मनीष जायसवाल व प्रदेश प्रवक्ता अनिवेश सिंह उपस्थित थे। पत्रकारों से सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में मेयर के प्रत्याशी के रूप में सुदेश कुमार चंद्रवंशी प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया है। वे एक बेदाग, आपराधरहित सुयोग उम्मीदवार हैं। ये अपने जीवन काल में 40 वर्ष से समाज की सेवा करते आ रहे हैं। इनके पिताजी स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद भी एक लंबे समय तक जन सेवा से जुड़े रहे थे। सुदेश कुमार चंद्रवंशी के क्रियाकलाप और जन सेवा को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन देने का काम किया है और उनके सहयोग से हजारीबाग नगर निगम को स्वच्छ एवं ग्रीन नगर निगम बनाने का काम करेगी। साथ ही इन्होंने यह भी कहा की नगर निकाय के चुनाव को लेकर झारखंड सरकार की नियत साफ नहीं है। झारखंड की हेमंत सरकार बीजेपी से डरी हुई है। यही वजह है कि सरकार निगम चुनाव दलगत नहीं कर रही है। अगर दलगत होता तो 48 के 48 निकाय चुनाव बीजेपी जीत लेती। इतना ही नहीं यह सरकार जो एश्ट से चुनाव जीतकर आई है और शासन कर रही है, उसमें भी विश्वास सरकार का नहीं है क्योंकि सरकार की मंशा साफ नहीं है। लुट, घसोठ कर चुनाव जीतने की तैयारी में है जिससे एश्ट की जगह वैलेट पेपर से चुनाव करा रही है।

## वार्ड 22 की प्रत्याशी मिताली रश्मि को मिल रहा है सभी वर्गों का अपार समर्थन



**हजारीबाग** : नगर निगम चुनाव में वार्ड 22 से वार्ड पार्षद प्रत्याशी मिताली रश्मि को महिलाओं सहित सभी वर्गों का अपार समर्थन मिल रहा है। नित्य प्रतिदिन वार्ड क्षेत्र की दर्जनों महिलाऐं अपने घर के काम काज को निपटा कर नियमित रूप से घर-घर जाकर वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी मिताली रश्मि के पक्ष में मतदान के लिए अपील कर रही है। मिताली रश्मि के पक्ष में घर घर जाकर जनसम्पर्क के बारे में महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि वार्ड 22 शिवपुरी के विकास और बुनियादी सुविधा सहित अन्य कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से हम सभी लोग अपना पारिवारिक दायित्वों को पूरा कर प्रतिदिन सामाजिक दायित्वों के लिए जनसंपर्क करते हैं ताकि मिताली रश्मि जैसी कर्मठ शिक्षित प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके। हम मुहल्ले वासियों को पूरा भरोसा है कि इनके जितने से वार्ड 22 का विकास हो सकेगा।

## सम्पादकीय.....

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों की चिन्ता

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पांच देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तानी सरकार को पत्र लिखा है। इन पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान की सरकार से मांग की है कि इमरान खान के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये और उनका अच्छी तरह इलाज कराया जाये। इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान क्रमशः सुनील गावस्कर और कपिल देव भी हैं। एक और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी इमरान खान को लेकर चिन्ता जतायी है। दुर्भाग्यवश, बीते कुछ वर्षों से भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का भी राजनीतिकरण हो गया है। दोनों देशों के बीच दुश्मनी का लाभ केवल राजनेता उठाते हैं। यही कारण है कि इसे खत्म करने के बजाय बढ़ाया ही जाता रहा है। दुख तब होता है जब जनता भी नेताओं के झांसे में आ जाती है। पूर्व में दोनों देशों के बीच जो सामान्य शिष्टाचार के तहत बात होती थी, पुलवामा-पहलगाम हमले के बाद वह भी बंद हो गयी। बावजूद इसके भारत-पाक के मैच में सट्टेबाजी और विज्ञापनों से होनेवाली कमाई को दोनों ही देश खोना नहीं चाहते। तभी तो दुश्मनी दिखाने के बावजूद मैच खेले जाते रहे हैं। हालांकि, वर्तमान पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने हाव-भाव से बहुत ही निराश किया है। काश! ये पुराने दौर के दिग्गज खिलाड़ियों से कुछ सीखते। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और कपिल देव, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, ईयान चैपल, किम ह्यूज और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क, इंग्लैंड के माइक अथर्टन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरली और डेविड गॉवर, वेस्ट इंडीज के क्लाइव लॉयड और न्यूजीलैंड के जॉन राइट ने पाकिस्तान की सरकार को अपने हस्ताक्षर के साथ पत्र भेजे हैं। पत्र में इन सभी ने कहा है, 'हम अपने-अपने देशों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान हैं और इमरान खान के साथ हुए कथित व्यवहार और जेल के हालात को लेकर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हैं। इमरान खान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान होने के साथ-साथ विश्व क्रिकेट के एक दिग्गज खिलाड़ी भी हैं। कप्तान के रूप में उन्होंने 1992 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलायी थी। एक ऐसी जीत, जो कौशल, दृढ़ता, नेतृत्व और खिलाड़ियोंवाली भावना पर आधारित थी...जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया। वह आज भी दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों और कप्तानों में गिने जाते हैं, जिन्हें खिलाड़ी, प्रशंसक और प्रशासक; सभी सम्मान देते हैं।' पत्र में इमरान की सेहत को लेकर गम्भीर चिन्ता जतायी गयी है। हिरासत में रहते हुए उनकी नजर तेजी से खराब होने की बात कही गयी है। कहा गया है कि इमरान खान जैसी शख्सीयत के साथ गरिमा और बुनियादी मानवीय संवेदनाओं के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इस पत्र में शाहबाज सरकार से तीन मांगें की गयी हैं। पहली...इमरान खान की इच्छा के अनुसार योग्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से उनका तुरन्त और लगातार इलाज कराया जाये। दूसरी...अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से जेल में मानवीय और सम्मानजनक हालात बनाये जायें, जिनमें परिवार के सदस्यों से नियमित मुलाकात शामिल हो। तीसरी...बिना किसी देरी या बाधा के निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाये। पत्र में खिलाड़ियों ने कहा है...'क्रिकेट हमेशा से देशों के बीच पुल का काम करता रहा है। मैदान की प्रतिद्वंद्विता स्टम्प्स उखड़ने के साथ खत्म हो जाती है और सम्मान बना रहता है। इमरान खान ने अपने पूरे कॅरियर में इसी भावना को जिया। हम अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि वे भी मर्यादा और न्याय के उन्हीं सिद्धांतों को निभायें। यह अपील बिना किसी कानूनी प्रक्रिया में हस्तक्षेप के पूरी खेलभावना और मानवता के आधार पर की जा रही है।' निहायत अफसोस की बात है कि पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में पाकिस्तान के एक भी पूर्व खिलाड़ी का नाम नहीं है। बहरहाल, पाकिस्तान की सरकार को 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों का लिखा गया पत्र कितना प्रभाव डालता है, यह देखनेवाली बात होगी।

## किसने क्या कहा



एआई में पादर्शिता जरूरी, बने सबके हित और सबके सुख का साधन

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

मंगोलिया के लिए भारत सिर्फ पड़ोसी नहीं, एक 'पवित्र भूभाग' है



गजेन्द्र शेखावत
संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

# प्रमाणन की होड़ में दम तोड़ती अकादमिक गुणवत्ता

विशेष — डॉ. प्रियंका सौरभ

> पिछले दो दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। निजी विश्वविद्यालयों, स्ववित्तपोषित कॉलेजों और डिग्री संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस विस्तार को अक्सर शिक्षा तक पहुंच बढ़ने और जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में प्रस्तुत किया गया। लेकिन, जब यह विस्तार समानांतर नियमन, अकादमिक कठोरता और जवाबदेही के बिना हुआ, तो इसकी कीमत गुणवत्ता को चुकानी पड़ी। परिणाम यह हुआ कि मात्रा बढ़ी, लेकिन गुणवत्ता लगातार गिरती चली गयी। आज देश के अधिकांश; सभी नहीं, निजी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज शिक्षा के केन्द्र कम और डिग्री वितरण केन्द्र अधिक बन गये हैं। शिक्षा एक बौद्धिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लेन-देन बनती जा रही है ; पैसे के बदले डिग्री।

**गलगोटिया** यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा हालिया विवाद सोशल मीडिया और मुख्यधारा मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना। सतह पर यह मामला उपयुक्तता, प्राथमिकताओं या कैंपस संस्कृति से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता में यह भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है। समस्या रोबोडॉग नहीं है। समस्या यह है कि हमारे विश्वविद्यालय धीरे-धीरे क्या बनते चले गए हैं। पिछले दो दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। निजी विश्वविद्यालयों, स्ववित्तपोषित कॉलेजों और डिग्री संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस विस्तार को अक्सर शिक्षा तक पहुँच बढ़ने और जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में प्रस्तुत किया गया। लेकिन जब यह विस्तार समानांतर नियमन, अकादमिक कठोरता और जवाबदेही के बिना हुआ तो इसकी कीमत गुणवत्ता को चुकानी पड़ी। परिणाम यह हुआ कि मात्रा बढ़ी पर गुणवत्ता लगातार गिरती चली गई। आज देश के अधिकांश-हालाँकि सभी नहीं–निजी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज शिक्षा के केंद्र कम और डिग्री वितरण केंद्र अधिक बन गए हैं। शिक्षा एक बौद्धिक प्रक्रिया नहीं बल्कि लेन-देन बनती जा रही है- पैसे के बदले डिग्री। उपस्थिति, अकादमिक भागीदारी, प्रयोगशाला कार्य और बौद्धिक अनुशासन जैसी बातें अब अनिवार्य नहीं रहीं, बल्कि समझौते के दायरे में आ गई हैं। जो कभी उच्च शिक्षा में गैर-समझौतावादी हुआ करता था, वह अब लचीला, कमजोर और विकृत हो चुका है। यह गिरावट विशेष रूप से उन विषयों में चिंताजनक है जहाँ कठोरता अनिवार्य है। सैद्धांतिक पढ़ाई का कमजोर होना एक बात है, लेकिन विज्ञान शिक्षा का खोखला हो जाना कहीं अधिक गंभीर है। आज स्थिति यह है कि छात्र बिना नियमित कक्षाओं में गए और बिना प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिए विज्ञान जैसे विषयों में स्नातक और परास्नातक डिग्रियाँ प्राप्त कर रहे हैं। प्रयोगात्मक कार्य- जो कभी वैज्ञानिक प्रशिक्षण की रीढ़ हुआ करता था–अब औपचारिकता बनकर रह गया है। डिग्रियाँ तो दी जा रही हैं लेकिन दक्षता सुनिश्चित नहीं की जा रही। इस खोखलेपन के परिणाम तब स्पष्ट होते हैं जब छात्र नौकरी के लिए सामने आते हैं। रसायन विज्ञान में परास्नातक छात्र बुनियादी वैज्ञानिक अवधारणाएँ नहीं समझ पाता। कॉमर्स स्नातक डेबिट और क्रेडिट की मूल अवधारणा स्पष्ट नहीं कर पाता। प्रबंधन की डिग्री रखने वाला छात्र समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच में कमजोर दिखाई देता है। ये कोई इक्का-दुक्का उदाहरण नहीं बल्कि उद्योग जगत द्वारा बार-बार देखी जा रही सामान्य प्रवृत्तियाँ हैं।

स्वाभाविक रूप से इससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा पैदा होती है। वर्षों की पढ़ाई और भारी आर्थिक निवेश के बावजूद जब रोजगार नहीं मिलता तो सवाल उठते हैं। माता-पिता यह पूछने में बिल्कुल सही होते हैं कि पढ़ाई के बाद भी बच्चा बेरोजगार क्यों है। अक्सर इस असंतोष का निशाना सरकार बनती है, जिस पर रोजगार सृजन न कर पाने का आरोप लगाया जाता है। हालाँकि रोजगार सृजन एक नीतिगत चुनौती है लेकिन यह विमर्श एक असहज सच्चाई को नजरअंदाज कर देता है कि बड़ी संख्या में स्नातक वास्तव में रोजगार योग्य ही नहीं हैं। यहीं से मूल प्रश्न जन्म लेता है। यदि छात्रों में आवश्यक ज्ञान और कौशल नहीं है तो उन्हें योग्य घोषित करने वाली डिग्रियाँ उन्हें कैसे मिल गईं? ऐसी संस्थाओं को बिना अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित किए प्रमाणपत्र बाँटने की अनुमति किसने दी? इसका उत्तर हमें उच्च शिक्षा के नियामक ढाँचे में मिलता है। भारत में उच्च शिक्षा की देखरेख कई मंत्रालयों, विभागों और नियामक संस्थाओं द्वारा की जाती है, जिनका घोषित उद्देश्य मानकों की रक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अकादमिक ईमानदारी बनाए रखना है। मान्यता प्रणालियाँ, निरीक्षण, मूल्यांकन और अकादमिक ऑडिट इसी उद्देश्य से बनाए गए थे। लेकिन व्यवहार में ये प्रक्रियाएँ अक्सर वास्तविक मूल्यांकन की बजाय औपचारिक अनुष्ठान बनकर रह गई हैं। निरीक्षण प्रायः पूर्व निर्धारित होते हैं। दस्तावेज औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए सजाए जाते हैं। इमारतों और बुनियादी ढाँचे को शिक्षण गुणवत्ता पर प्राथमिकता दी जाती है। अनुपालन को सीखने के परिणामों से ऊपर रखा जाता है। छात्रों का वास्तविक अकादमिक अनुभव, शिक्षण की गुणवत्ता, परीक्षा की कठोरता और जिज्ञासा की संस्कृति- इन पर गंभीर और निरंतर निगरानी शायद ही होती है। नतीजतन, संस्थान शिक्षा सुधारने के बजाय नियामकों को ह्लमैनेजह्व करना सीख लेते हैं। इस नियामक शिथिलता ने एक दुष्चक्र को जन्म दिया है- संस्थान न्यूनतम अकादमिक जवाबदेही के साथ चलते रहते हैं, नियामक निगरानी का आभास बनाए रखते हैं और डिग्रियाँ लगातार जारी होती रहती हैं। इस व्यवस्था की कीमत न तो संस्थान चुकाते हैं, न ही नियामक बल्कि छात्र, नियोक्ता और समाज चुकाता है। विडंबना यह है कि एक ओर उद्योग जगत योग्य मानव संसाधन की कमी की शिकायत करता है, वहीं दूसरी ओर देश शिक्षित बेरोजगारी के गंभीर संकट से जूझ रहा है।

# चीन की नयी कूटनीति या पुरानी चाल?

गौरतलब — कांतिलाल मांडोत

> चीन की विदेश नीति को समझने के लिए उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को देखना जरूरी है। वह तात्कालिक भावनाओं के बजाय दशकों आगे की योजना बना कर चलता है। उसकी प्राथमिकता अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और विस्तार है। चाहे वह दक्षिण चीन सागर हो, ताइवान का मुद्दा हो या हिमालयीय सीमा ; हर जगह उसकी नीति शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में झुकाने की रही है।

**हाल** के वर्षों में उपग्रह तस्वीरों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह संकेत मिले हैं कि चीन अपने सामरिक ढांचे को तेजी से मजबूत कर रहा है। दक्षिण-पश्चिमी प्रांतों में पहाड़ों के भीतर बने बड़े-बड़े बंकर, भूमिगत सुरंगें और अत्याधुनिक सुविधाएं इस ओर इशारा करती हैं कि बीजिंग अपनी दीर्घकालिक रणनीति पर चुपचाप काम कर रहा है। ऐसे समय में जब वह भारत के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने और सहयोग बढ़ाने की बात करता है, यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या चीन वास्तव में भरोसेमंद साझेदार बनना चाहता है या यह उसकी रणनीतिक नीति का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि भारत और चीन के संबंधों में विश्वास की कमी की जड़ें गहरी हैं। वर्ष 1962 में चीन द्वारा भारत पर किया गया हमला दोनों देशों के रिश्तों में एक स्थायी अविश्वास की दीवार खड़ी कर गया। उसके बाद से सीमा विवाद, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव और समय-समय पर होने वाली झड़पों ने यह स्पष्ट किया कि संबंधों में गर्मजोशी और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है। चीन ने कई बार शांति और सहयोग की बात की, लेकिन समानांतर रूप से अपनी सैन्य और सामरिक ताकत को भी बढ़ाया। चीन की विदेश नीति को समझने के लिए उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को देखना जरूरी है। वह तात्कालिक भावनाओं के बजाय दशकों आगे की योजना बनाकर चलता है। उसकी प्राथमिकता अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और विस्तार है। चाहे वह दक्षिण चीन सागर हो, ताइवान का मुद्दा हो या हिमालयी सीमा हर जगह उसकी नीति शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में झुकाने की रही है। ऐसे में यदि वह भारत के साथ रिश्ते सुधारने की पहल करता है, तो यह केवल सद्भावना का परिणाम नहीं बल्कि एक सुविचारित रणनीति भी हो सकती है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में चीन कई मोर्चों पर दबाव झेल रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ व्यापारिक तनाव, तकनीकी प्रतिबंध और सामरिक प्रतिस्पर्धा ने उसे नए संतुलन की तलाश में डाल दिया है। भारत एक उभरती हुई आर्थिक और सामरिक शक्ति है। एशिया में स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए भारत के साथ टकराव चीन के हित में नहीं है। इसलिए संभव है कि वह सीमित सहयोग और नियंत्रित प्रतिस्पर्धा की नीति अपनाए, ताकि वह एक साथ कई मोर्चों पर संघर्ष से बच सके।

## आज का इतिहास

- हेनरी अष्टम की मृत्यु के बाद 1547 से किंग एडवर्ड षष्टम ने इंग्लैंड की सत्ता सम्भाली।
- मुगल साम्राज्य का शासक औरंगजेब का 1707 में अहमदनगर में निधन।
- लुई एलेक्जेंडर बर्थियर ने 1798 में पोप पायस षष्टम को पदच्युत किया।
- ऑस्ट्रिया को 1811 में दिवालिया घोषित किया गया।
- कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर 1835 में खुला।
- सन 1846 में लाहौर पर अंग्रेजों ने कब्जा किया।
- रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब की स्थापना 1847 में हुई।
- 'अमृत बाजार पत्रिका' का पहला साप्ताहिक अंक 1868 में बांगाली में प्रकाशित।
- न्यूयार्क शहर में सन 1872 में 'मेट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट्स' खुला।
- कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ने 1873 में सैन फ्रांसिस्को में अपने पहले मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की।
- अडोल्फ हिटलर ने 1933 में चुनावों में नाजी पार्टी को सहयोग देने के लिए गुप्त तौर पर जर्मन उद्योगपतियों से मुलाकात की।
- कैरोलाइन मिकेल्सन 1935 में अंटार्कटिक पहुंचने वाली पहली महिला बनीं।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में जापानी सैनिकों ने 1942 में डच ईस्ट इंडीज में बाली पर हमला कर दिया।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने 1947 में भारत को आजादी देने के बारे में घोषणा की।
- 1950 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई और राष्ट्रवादी नेता शरत चंद्र बोस का निधन।
- जान एच ग्लेन 1962 में अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने।
- नासा द्वारा 1965 में प्रेक्षेपित रेंजर आठ चांद पर उतरा, फोटो और जरूरी डेटा भेजे।

## सुविचार

सही राह पर होने के बाद भी यदि आप वहां बैठे ही रहोगे, तो कोई गाड़ी आपको कुचल कर चली जायेगी

**विल रोजर्स**

बाधाएं दरअसल भयावह चीजें हैं, जिन पर आपका ध्यान उस समय जाता है, जब आप की नजर लक्ष्य से हट जाती है

**हेनरी फोर्ड**




## सच को छुपाने का परिणाम

**एक** बार की बात है। एक व्यक्ति का पुत्र कमाने के लिए विदेश गया। विदेश कमाने गए पुत्र ने अपने पिता को एक बहुत ही सुंदर अंगूठी भेजी। पत्र में उसने लिखा, 'पिताजी! आपको मैं एक अंगूठी भेज रहा हूं। उसका मूल्य है पांच हजार रुपए। मुझे सस्ते में मिल गई थी, इसलिए मैंने आपके लिए खरीद ली' बेटे द्वारा भेजी गई अत्यंत सुंदर अंगूठी पाकर पिता प्रसन्न हो गया। पिता ने बड़े शौक से वह अंगूठी पहन ली। अंगूठी बहुत ही चमकदार और सुन्दर थी। बाजार में पिता को कई मित्र मिले। नई अंगूठी को देख कर सबने पूछा, 'यह कहां से आई?' पिता ने कहा, 'मेरे लड़के ने विदेश से भेजी है। इसे खरीदने में उसने पांच हजार रुपए खर्च किए' पिता का एक मित्र बोला, 'क्या इसे बेचोगे? मैं इस अंगूठी के पचास हजार रुपये दूंगा।' पिता ने सोचा, पांच हजार की अंगूठी के पचास हजार रुपये मिल रहे हैं। इतने रुपयों में ऐसी दस अंगूठियां आ जाएंगी। उसने अंगूठी निकाल कर दे दी और अपने मित्र से पचास हजार रुपए ले लिए। फिर उसने पुत्र को पत्र लिखा, ह्यतुमने शुभ मुहूर्त में अंगूठी भेजी। उसे मैंने पचास हजार रुपए में बेच कर पैंतालीस हजार रुपए का लाभ अर्जित कर किया'। लौटती डाक से पुत्र का पत्र आया, 'पिताजी! संकोच और भयवश मैंने आपको पिछले पत्र में सच्चाई नहीं लिखी थी। वह अंगूठी एक लाख की थी' यह सत्य को झुठलाने का परिणाम था।

## राशिफल

**मेष:** मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। सचेत रहें।

**वृष:** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**वृश्चिक:** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मिथुन:** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। समय ठीक है।

**धनु:** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानी इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क:** ज्ञानीजनों का सान्निध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**मकर:** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है।

**सिंह:** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ:** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समय ठीक है।

**कन्या:** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन:** नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। मित्रों से सावधान रहें, तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी।

# न्याय बने विकास की कसौटी

**सामाजिक न्याय का विश्व दिवस (20 फरवरी) पर विशेष**

**योगेश कुमार गोयल**

**किसी** भी समाज की सच्ची प्रगति उसकी ऊंची इमारतों या तेज आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से मापी जानी चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना न्यायपूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करता है। 20 फरवरी को मनाया जाने वाला सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का प्रतीक है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। इस दिवस की स्थापना इसलिए की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए देशों के बीच साझा प्रतिबद्धता को मजबूती मिल सके।

वर्ष 2026 में सामाजिक न्याय का विश्व दिवस की थीम है ह्यसमावेशन को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटनाह्व। यह थीम स्पष्ट करती है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है। जरूरी यह है कि विकास की प्रक्रिया में समाज के हर वर्ग की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में उन लोगों की आवाज को स्थान देना है, जो अब तक हाशिए पर रहे हैं। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बनती रहेंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा लक्ष्य बना रहेगा।

यह दिवस विशेष प्रासंगिकता रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक गहरे संक्रमणकाल से गुजर रही है। वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक ढ़ांचों को तेजी से बदला है। इन बदलावों का लाभ जहां कुछ सीमित वर्गों तक सिमट गया है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय और अधिक असुरक्षित होती जा रही है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय केवल नैतिक आदर्श नहीं, नीति और शासन की अनिवार्य प्राथमिकता बन चुका है।

सामाजिक न्याय की अवधारणा अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी है। इसका मतलब यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिले बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर उपलब्ध हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच इसके मूल स्तंभ हैं। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्म स्थान या आर्थिक स्थिति से तय होने लगे, तब यह स्पष्ट संकेत होता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। इसी संदर्भ में सम्मानजनक कार्य और मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता सामने आती है।

# एआई पहुंच का राष्ट्रव्यापी विस्तार : संसाधन, कौशल और तकनीकी क्रांति

**(गतांक से आगे)**

**इस** चुनौती से निपटने के लिए एक समन्वित वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। इंडिया-अक इम्पैक्ट समिट 2026 सामूहिक जुड़ाव के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है, जिसमें 15 से 20 राष्ट्राध्यक्ष, 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मंत्री और 100 से अधिक वैश्विक व भारतीय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एक साथ आ रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन की चचाओं को चक्र या कार्य समूहों के माध्यम से व्यवस्थित किया गया है, जो सात परस्पर जुड़े विषयों पर आधारित हैं। इनमें से, डेमोक्रेटाइज़िंग एआई रिसोर्सेज वर्किंग ग्रुप एक खास पहल है। भारत, मिस्र और केन्या की सह-अध्यक्षता वाला यह समूह, साझा पहुंच, सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक एआई इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों और हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह कार्य समूह यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि एआई के आवश्यक संसाधन सबके लिए सुलभ और सस्ते हों, ताकि सभी देश अपनी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार एआई के विकास, उपयोग और इसे लागू करने में सार्थक रूप से भाग ले सकें।

गौरतलब — पीआईबी रिसर्च

> भारत, मिस्र और केन्या की सह-अध्यक्षता वाला यह समूह, साझा पहुंच, सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक एआई इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों और हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह कार्य समूह यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि एआई के आवश्यक संसाधन सबके लिए सुलभ और सस्ते हों, ताकि सभी देश अपनी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार एआई के विकास, उपयोग और इसे लागू करने में सार्थक रूप से भाग ले सकें।

**इस कार्य समूह के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:**

एआई संसाधनों को ग्लोबल पब्लिक गुड्स के रूप में सुलभ और सस्ता बनाना।

डिस्ट्रिब्यूटेड एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और ओपन इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करना।

लोकल एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान का समर्थन करना।

समान पहुँच, सहयोग और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर, डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज वर्किंग ग्रुप एक ऐसे भविष्य का समर्थन करता है जहाँ सभी देश एआई का उपयोग इस तरह से कर सकें जो समावेशी विकास और सतत विकास को आगे बढ़ा सके।

**निष्कर्ष**

भारत का एआई कोसबके लिए सुलभ बनाने का दृष्टिकोण यह दिखाता है कि स्केल, इनक्लूजन और इनोवेशन एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। अफोर्डेबिलिटी, ओपननेस और ट्रस्ट पर ध्यान केंद्रित करने से यह सुनिश्चित होता है कि एआई का लाभ किसानों, छात्रों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स और सार्वजनिक संस्थानों तक समान रूप से पहुँचे। जैसा कि भारत इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी कर रहा है, यह अपने इस अनुभव को एक वैश्विक संदर्भ में भी रख रहा है, जो ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं के अनुरूप एक मॉडल पेश करता है। आगे की राह अब स्पष्ट है। एआई को सबके लिए सुलभ बनाना कोई एक बार का प्रयास नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रतिबद्धता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि तकनीकी प्रगति समाज को मजबूत करे, असमानताओं को कम करे और सभी के लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सहयोग करे। **(समाप्त)**

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

नगर निकाय चुनाव 2026

## पोलिंग पार्टी का तृतीय प्रशिक्षण सम्पन्न, उपायुक्त ने की तैयारियों की गहन समीक्षा

# सुरक्षित, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करें चुनाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिला मुख्यालय नगर निकाय चुनाव 2026 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में पोलिंग पार्टी के प्रेजाइडिंग ऑफिसर, पी-1, पी-2 एवं पी-3 का तृतीय चरण का प्रशिक्षण विभिन्न स्थलों पर आयोजित किया गया। सूचना भवन सभागार एवं प्रशिक्षण सह उत्पाद केन्द्र में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित स्वयं उपस्थित रहीं और व्यवस्थाओं तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर उपस्थित कर्मियों से प्रश्न पूछकर उनकी तैयारी का आकलन किया। उन्होंने मतपत्र के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया, मतपत्र वितरण, गोपनीयता सुनिश्चित करने की व्यवस्था, मतपेटी की सीलिंग प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों के संधारण, मतदान प्रारंभ एवं समाप्ति की विधि तथा विशेष परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली वैधानिक प्रक्रिया पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मतदान से जुड़े सभी नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान कर्मी अपने दायित्वों को भली-भांति समझें तथा मतदान दिवस से पूर्व सभी प्रक्रियाओं का पुनरावलोकन कर लें। आवश्यक चेकलिस्ट तैयार रखने एवं प्रत्येक चरण को सावधानीपूर्वक संपादित करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि नगर निकाय चुनाव पूर्णतः सुरक्षित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने दायित्वों के प्रति सजग एवं प्रतिबद्ध रहें। प्रेजाइडिंग ऑफिसर, पी-1, पी-2 एवं पी-3 सहित सभी कर्मियों पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अनुभव एवं प्रशिक्षण के आधार पर मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करायेंगे।

### नप अध्यक्ष प्रत्याशी बिलासी तोपनो का जनसम्पर्क अभियान तेज, विकास और सेवा के नाम पर मांग रही समर्थन



**लातेहार :** नगर पंचायत चुनाव को लेकर झामुमो समर्थित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बिलासी तोपनो का प्रचार अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान बिलासी तोपनो ने मेन रोड, कोर्ट परिसर, चंदनडीह, पहाड़पुरी सहित विभिन्न इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की। इसके बाद वह स्टेशन क्षेत्र के लिए रवाना हुईं, जहां भी उन्होंने आम जनता से संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। प्रचार के दौरान तोपनो ने कहा कि विकास, विश्वास और सेवा उनका मूल मंत्र है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर जनता ने उन्हें मौका दिया, तो नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। नाली-गली की व्यवस्था को दुरुस्त करना, स्ट्रीट लाइट का निर्माण और साफ-सफाई उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि नगर पंचायत के माध्यम से महिलाओं के लिए चलने वाली योजनाओं का लाभ शहरी क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं तक तेजी से पहुंचाया जाएगा।

### पंकज बर्णवाल ने जारी किया घोषणा पत्र स्वच्छ व जाममुक्त शहर का संकल्प



**झुमरीतिलैया :** पंकज बर्णवाल ने नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए अपना चुनावी घोषणा-पत्र जारी करते हुए शहर के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया। घोषणा-पत्र का विमोचन भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी एवं मुख्य अतिथि शोभा यादव की उपस्थिति में किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पंकज बर्णवाल ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर वे ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए झुमरीतिलैया को स्वच्छ, जाममुक्त और भ्रष्टाचारमुक्त शहर बनाएंगे। उन्होंने नगर परिषद को विकास और सुशासन का मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा। घोषणा-पत्र में शहर की बुनियादी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गई है। सड़क व्यवस्था के तहत सभी वार्डों में पक्की एवं मजबूत सड़कों का निर्माण, जर्जर सड़कों की मरम्मत तथा जलजमाव से मुक्ति के लिए समुचित नाली निर्माण का वादा किया गया है। सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नियमित कचरा उठाव, नालियों की सफाई तथा स्वच्छ झुमरीतिलैया, स्वस्थ झुमरीतिलैया अभियान चलाने की घोषणा की गई। बिजली व्यवस्था के अंतर्गत हर घर तक निर्बाध आपूर्ति, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और अंधेरे क्षेत्रों में नई लाइट लगाने का आश्वासन दिया गया। पेयजल समस्या के समाधान के लिए स्वच्छ एवं नियमित जलापूर्ति, खराब चापाकलों व पाइपलाइन की मरम्मत तथा जल संकट वाले वार्डों में विशेष योजना लागू करने की बात कही गयी।

## एक झलक

### 04 एकड़ में लगी अवैध पोस्ता की खेती नष्ट

**मनिका (लातेहार) :** मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत मनिका पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर सुदूरवर्ती इलाकों में छापेमारी की गयी। इस अभियान के दौरान प्रखंड के ग्राम बिकरा, ग्राम कोरीद और ग्राम साधवाडीह के वन क्षेत्र व गैर मजरूआ जमीन पर करीब चार एकड़ में अवैध रूप से उगाई गई पोस्ता की खेती को पूरी तरह नष्ट किया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चलाकर और लाठी-डंडों की मदद से फसल को नष्ट किया।थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ मनिका पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्ता की खेती कानूनन अपराध है और इसका सीधा असर समाज, खासकर युवाओं के भविष्य पर पड़ता है।उन्होंने आम लोगों से अपील की कि अगर कहीं भी नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**घाघरा :** थाना क्षेत्र के नौवडीहा नया पुल के मोड़ के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुराग गांव से अपने रिश्तेदार के घर भोजन कर लोहरदगा लौट रहे दो युवक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर सवार थे। नौवडीहा नया पुल के समीप मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकरायी। हादसे में लोहरदगा निवासी 25 वर्षीय पंकज उरांव की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, दूसरा युवक विजय उरांव (लगभग 26 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से लोहरदगा रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही घाघरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। इधर, स्थानीय लोगों ने दुर्घटना-प्रवण उक्त मोड़ की मरम्मत कराने एवं स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग प्रशासन से की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### धरगांव पंचायत में कलश यात्रा कार्यक्रम आज

**कोडरमा :** कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत धरगांव पंचायत के नीचे टोला में श्री श्री 1008 नवदिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा रूद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन 20 फरवरी से होने जा रहा है यज्ञ की पूरी तैयारी समिति के द्वारा कर ली गई है 20 फरवरी को भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा आयोजन को लेकर श्रद्धालु भक्तों में उत्साह उमंग देखा जा रहा है वहीं यज्ञ समिति के द्वारा यज्ञ स्थल से लगभग पांच किलोमीटर तक लाइट एवं ध्वनि लगाया गया है।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में 'माय भारत बजट 2026 क्वेस्ट' का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना, बनवारी साहू महाविद्यालय में मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को माय भारत बजट 2026 क्वेस्ट का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों से अवगत कराया गया। छात्रों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें भाग लिया।इस अवसर पर मेरा युवा भारत, लातेहार की जिला अधिकारी कंचन कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश की प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा को दशार्ता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बजट को समझें, उस पर सवाल करें और रचनात्मक सुझाव दें।कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही कार्यक्रम सफल हो पाया।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मासिक जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जन्म प्रमाण पत्र निर्गमन की प्रखंडवार स्थिति पर चर्चा की गई। प्राप्त आवेदनों, लम्बित व त्रुटिपूर्ण मामलों और निर्गत प्रमाण पत्रों की जानकारी ली गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अगली बैठक तक लक्ष्य के अनुरूप कम से कम 90 प्रतिशत जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन हो।जॉब कार्ड नवीनीकरण के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 1,68,823 जॉब कार्डधारियों में से 1,68,797 का आधार सीडिंग पूर्ण है, जबकि 1,09,903 लाभुकों का ई-केवाईसी हो चुका है। इस पर उपायुक्त ने 15 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए और सभी संबंधित पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।बैठक में मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार, आवास योजना में लंबित किस्तों, छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पीएम-जनमन, सड़क निर्माण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। जिन प्रखंडों में प्रगति कम पाई गई, वहां कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये गये।

## जमीन विवाद मारपीट मामले में दो वाहन जब्त, छह आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका (लातेहार) :** मनिका थाना क्षेत्र के परसही टोला के पास फोरलेन से सटी जमीन को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जब्त किया है और छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने बताया कि सूचना मिली थी कि सिंजो गांव के परसही टोला के समीप निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने वरीय अधिकारियों को जानकारी दी और सहायक अवर निरीक्षक कमलेश प्रसाद यादव एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि पूर्व से विवादित जमीन पर ग्राम पुरानी पल्हेया निवासी अभिमन्यु यादव ने बाहरी लोगों को बुला कर जमीन के दावेदार कामाख्या प्रसाद और उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया। इस मारपीट में कामाख्या प्रसाद और उनके परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उनके पुत्र जितेंद्र कुमार ने मनिका थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके से मारपीट में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में अभिमन्यु यादव (ग्राम पुरानी पल्हेया, थाना मनिका), निखिल यादव (31 वर्ष, बजरा हेहल, रांची), अंकित यादव (22 वर्ष, पिस्का मोड़, रांची), शिवम तिवारी (18 वर्ष), अमित कुमार (24 वर्ष) और सौरभ सिंह (22 वर्ष) सभी रांतु, रांची के निवासी हैं। वहीं, घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन (संख्या जेएच 01 एफवाई 6299) और ब्रेजा वाहन (संख्या जेएच 01 एफए 2294) को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## भवनाथपुर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सुपरवाइजरों की अहम बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के अंतर्गत चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर आज दोपहर 2:00 बजे सभी सुपरवाइजरों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। यह फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों एवं टोलों में घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जा रही है। अभियान के अंतर्गत कुल 2,18,665 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 1,11,960 व्यक्तियों को दवा खिलाई जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 50.52 प्रतिशत है। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी सुपरवाइजरों को निर्देश देते हुए कहा कि शेष बचे हुए लाभुकों तक शीघ्रता से पहुंच सुनिश्चित करें तथा किसी भी व्यक्ति को दवा खाने से वंचित न रहने दें। उन्होंने यह भी कहा कि टीम के सदस्य ग्रामीणों को दवा के प्रति जागरूक करें और किसी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, प्रोग्राम ऑफिसर शिवसागर दास, डॉ. रंजन दास, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. पंकज पाठक, अरुण लकड़ा, अनुज कुमार सहित सभी संबंधित सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने नालन्दा व राजगीर का किया शैक्षणिक भ्रमण



**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी०एड० सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने बिहार प्रदेश के नालन्दा और राजगीर का सफल शैक्षणिक भ्रमण किया,महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने हरी झंडी दिखाकर सभी बसों को रवाना किए। प्रशिक्षुओं ने बिहार राज्य के राजगीर में जंगल सफारी का आनंद लेते हुए वहां के प्राकृतिक सौंदर्य एवं विभिन्न वन्य प्राणियों की जानकारी प्राप्त की और नालन्दा में प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय खंडहर का भ्रमण कर उक्त स्थल के सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थितियों के ऐतिहासिक पहलुओं से गाइड द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।

## दुष्कर्म और बच्चा चोरी पर सरकार विफल, कानून-व्यवस्था ध्वस्त : प्रतुल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में दुष्कर्म और बच्चा चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और अपराधियों के मन से कानून का डर खत्म हो गया है। वे नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी महेश सिं के चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री शाहदेव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं कराए जाने के कारण झारखंड को करीब 2100 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से हाथ धोना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय की सख्त टिप्पणी के बाद ही राज्य सरकार चुनाव कराने को मजबूर हुई। उन्होंने बताया कि राज्य में 4500 से अधिक बच्चे लापता हैं और पिछले छह वर्षों में आठ हजार से ज्यादा महिलाएं और बच्चियां दुष्कर्म का शिकार हो चुकी हैं। खास कर आदिवासी बच्चियों और महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो सरकार की संवेदनहीनता को दिखाता है। पुलिस अपराध रोकने के बजाय बालू तस्करों को संरक्षण देने में लगी है और प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। प्रतुल ने कहा कि एक समय यह जिला नक्सल प्रभावित था, लेकिन अब नक्सल प्रभाव कम होने के बाद संगठित अपराध तेजी से बढ़ा है। मानव तस्करी, बच्चा चोरी, हत्या और अवैध धंधों में साफ इजाफा हुआ है।इस मौके पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी महेश सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों का हाल बदहाल है। एक तरफ सड़क बनती है तो दूसरी तरफ टूट जाती है, जिससे साफ है कि अधिकारी और कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो उनकी पहली प्राथमिकता भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना होगा।प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष बंशी यादव, वरिष्ठ नेता राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, जिलाउपाध्यक्ष बबलू दुबे और नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी मौजूद रहे।

## जमीन विवाद ने ली बुजुर्ग की जान सड़क जाम कर ग्रामीणों ने किया विरोध



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिलंगा गांव में गुरुवार को जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद अचानक हिंसक हो गया। इस घटना में 69 वर्षीय तैयब अंसारी की मौत हो गई। मामले को लेकर दोनों पक्षों के दावे अलग-अलग हैं, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। मृतक की पत्नी महरूम बीबी का कहना है कि तैयब अंसारी और द्वारिका महतो के बीच रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। गुरुवार को कहासुनी के दौरान द्वारिका महतो ने तैयब अंसारी को धक्का दे दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। परिजनों का आरोप है कि गिरने से उन्हें अंदरूनी चोट लगी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद द्वारिका महतो और उनके दोनों पुत्र फरार बताए जा रहे हैं।वहीं, दूसरे पक्ष ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तैयब अंसारी ने जिस जगह घर बनाया था, वहां जाने के लिए कोई रास्ता नहीं था। इसी बात को लेकर वे जबरन रास्ता मांग रहे थे। उनके अनुसार सुबह विवाद जरूर हुआ था, लेकिन बाद में सभी अपने-अपने घर लौट गए थे। उनका दावा है कि तैयब अंसारी की मौत हार्ट अटैक से हुई है, जिसे हत्या का रूप दिया जा रहा है।

## योग परिवार गुमला की आवश्यक बैठक सम्पन्न

# स्थापना दिवस 22 फरवरी को मनाने का निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** योग परिवार गुमला की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि योग परिवार का स्थापना दिवस 22 फरवरी 2026 को मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार निर्धारित की गयी-

- 21 फरवरी को प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना है।
- 22 फरवरी को प्रातःकाल मीडिया से जुड़े पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा।

संगठन का उद्देश्य है कि समाज के सभी लोग स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रहें तथा अपने शरीर और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें। साथ ही समय-समय पर प्रतिभावान व्यक्तियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष संतोष झा, सचिव संजय कुमार साहू, सहसचिव विशाल कुमार बिट्टू, कोषाध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया सहित संरक्षक मंडल के सदस्य–शिव कुमार लाल, ओम प्रकाश साहू, बैजनाथ प्रसाद, गुलाबचंद प्रसाद, संगठन मंत्री जयकांत राय, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार सोनी तथा अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। अंत में योग परिवार गुमला की ओर से मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि जनहित में इस समाचार को प्रकाशित करने की कृपा करें।

## भवनाथपुर में विभाग ने रोस्टर लगाया, कर्मी को जानकारी नहीं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** गढ़वा जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और नियमितता लाने के उद्देश्य से भवनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों का ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक रूप से टांगा गया है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को यह जानकारी उपलब्ध कराना है कि किस दिन कौन-सा डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर मौजूद रहेगा, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। रोस्टर में चिकित्सकों, नर्सों, एएनएम तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी का दिन और समय स्पष्ट रूप से अंकित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि रोस्टर का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि निर्धारित ड्यूटी के अनुसार कोई चिकित्सक या कर्मी उपस्थित नहीं मिले, तो इसकी सूचना सम्बंधित अधिकारियों को दें, ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। हालांकि इस व्यवस्था के बीच एक चौंकाने वाला पहलू भी सामने आया। जब पत्रकारों ने सीएचसी में तैनात कर्मियों से रोस्टर के संबंध में जानकारी लेनी चाही, तो उन्हें परिसर में लगे रोस्टर की जानकारी तक नहीं थी। जबकि उसी रोस्टर में बुधवार को उनकी ड्यूटी अस्पताल में दर्ज बताई गयी थी। इस स्थिति ने प्रशासनिक निगरानी और आंतरिक समन्वय पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# न्यायालय में लम्बित मामलों के निष्पादन में लायें तेजी : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में दायर लंबित वादों से संबंधित एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागवार लंबित वादों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान देने को कहा जिनमें शपथ पत्र दाखिल किया जाना शेष है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी मामलों में समय पर प्रति शपथ पत्र न्यायालय में दाखिल किया जाए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई से ही लम्बित वादों का शीघ्र निपटारा संभव है। उपायुक्त ने यह भी कहा कि न्यायालयीन मामलों में लापरवाही से न केवल प्रशासन की छवि प्रभावित होती है, बल्कि आम जनता को भी परेशानी होती है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें और मामलों की नियमित समीक्षा करते रहें। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### आधारभूत संरचना परियोजनाओं की समीक्षा लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश



**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक, एनएमएल, एनटीपीसी, पीवीयूएनएल सहित अन्य परियोजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने एफआरए, एनओसी, भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित भूमि के लंबित मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए शीघ्र भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं से जुड़े भूमि एवं अन्य मामलों की जानकारी ली और समयबद्ध कार्रवाई के साथ निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी तथा कोल कंपनियों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रमजान के पाक महीने पर झामुमो नेता मो. उमर फारूक अंसारी ने दी मुबारकबाद



**सिसई :** पवित्र माह-ए-रमजान के आगमन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य एवं सिसई निवासी मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने राज्य सहित देशभर के मुस्लिम भाइयों-बहनों को दिली मुबारकबाद दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत, तकवा, सब्र और इंसानियत का सबसे पाक समय होता है। यह महीना हमें अल्लाह की इबादत के साथ-साथ गरीबों, जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों की मदद करने की सीख देता है। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह तआला सभी रोजेदारों के रोजे और इबादत को कबूल फरमाए तथा मुस्लिम समाज के घर-घर में अमन, बरकत और खुशहाली अता करे। अंत में उन्होंने कहा कि रमजान आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता को मजबूत करने का महीना है, जिसे पूरे एहतराम और पाकीजगी के साथ मनाया जाना चाहिए।

## एक झलक

### संगठनात्मक चुनाव को लेकर जदयू की बैठक

**भागलपुर** : जनता दल (यूनाइटेड) के जिला संगठनात्मक चुनाव को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय भागलपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निवार्ची पदाधिकारी अर्जुन प्रसाद शाह ने की, जबकि जिला निवार्ची पर्यवेक्षक मनोरंजन मजूमदार की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी संगठनात्मक चुनाव की रूपरेखा तय करना, चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की रणनीति बनाना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करना था। अध्यक्षीय संबोधन में अर्जुन प्रसाद शाह ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकत होती है। उन्होंने सभी प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों से अपील की कि वे चुनाव प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न कराएं, ताकि संगठन में सक्रिय और समर्पित कार्यकताओं को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

### सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने सुना प्रधानमंत्री का सम्बोधन

**भागलपुर** : आनन्दराम ढांढनियाँ सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर के अटल टिंकरिंग लैब में भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित ए आई सम्मिट कार्यक्रम का गुरुवार को सीधा प्रसारण भैया–बहनों एवं आचार्य/दीदी जी ने सामूहिक रूप से देखा और इससे अत्यंत लाभान्वित हुए। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र—शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग एवं प्रशासन—के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। हमें इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इसके सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग से जटिल से जटिल कार्य भी सरल हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत की प्रगति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि और अधिक सशक्त होगी।

### पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 5.48 किलो गांजा बरामद

**पूर्वी चंपारण** : हरैया थाना क्षेत्र में पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर 5.48 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया है। इसकी जानकारी हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर नेपाल से भलुवाहा गांव के रास्ते मादक पदार्थ लेकर भारत में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने भलुवाहा गांव में नाकेबंदी कर जांच शुरू की। इसी दौरान नेपाल से भारत में प्रवेश कर रही एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में 5.48 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद हुआ। मौके से नेपाल के पर्सा जिला अंतर्गत चंडाल चौक अलऊ निवासी बद्री सहनी के पुत्र ड्राय सहनी तथा लालबाबू सहनी के पुत्र राजन सहनी को एक नेपाली नंबर की मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया गया।

### बिहपुर विधायक ने सदन में उठाया जनहित का मुद्दा

**भागलपुर** : बिहार विधानसभा में जारी सत्र के दौरान सदन में गुरुवार को बिहपुर विस के भाजपा विधायक सह सत्तारुढ़ दल के सचेतक ई.शैलेंद्र ने नाराणयपुर और खरीक प्रखंड के मुद्दों को सदन में उठाया। शविधायक ने सदन में मांग किया कि नारायणपुर प्रखंड का सिंहपुर पश्चिम पंचायत खगड़िया जिला से सटा है। इस पंचायत के कई किसानों का जमीन खगड़िया जिला में पड़ जाता है। बाढ़ या अन्य आपदा के बाद फसल का मुआवजा सीमा विवाद के कारण यहां के किसानों को नहीं मिल पाता है। विधायक ने जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी से किसानों की इस गंभीर समस्या निदान कराने की दिशा में उचित पहल करने की मांग किया। वहीं विधायक ने गत दिनों सरकार को दान में दी गई जमीन पर स्कूल भवन निर्माण कराने का मुद्दा उठाया।

## बजट सत्र

# गैर मजरुआ जमीन पर कब्जे का उठा मामला

एजेंसी

**पटना** : बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 13 वें दिन विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक राहुल कुमार ने इस्लामपुर में गैर मजरूआ जमीन पर कब्जा का मामला उठाया। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अंगद का पैर कोई नहीं खींच सकता, मेरा जो मिशन है मैं उसे पूरा करके रहूंगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जितने दिन राजस्व विभाग में मंत्री रहूंगा उसका परिणाम निकलेगा। मार्च महीने के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी। कभी अंचलाधिकारी तो कभी कर्मचारी हड़ताल पर चले



जाते हैं जिसके कारण देरी हो रही है, दवा कड़वी होती है, लेकिन दवा खाते हैं तो उसका असर होता है और यह दिखता भी है। बीमारी के इलाज के लिए धैर्य रखना होगा। हड़बड़ाने से काम नहीं चलेगा। हम एलोपैथिक और होम्योपैथिक के चक्कर में नहीं पड़ते हैं।

आयुर्वेदिक इलाज करते हैं जो स्थाई समाधान करेगा। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के इस्लामपुर विधायक रुहैल रंजन ने अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर पूछे गए सवाल पर आपत्ति जताई। नरकटिया के विधायक विशाल कुमार ने खाद की कालाबाजारी का सवाल उठाया।

इस पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि वर्ष 2025-26 में खरीफ और रबी फसल के लिए यूरिया उपलब्ध करा दी गई है। जरूरत से अधिक यूरिया उपलब्ध कराई गई है। जवाब में विधायक विशाल कुमार ने पदाधिकारी और डीलरों के मिली भगत का आरोप लगाया। कई पदाधिकारी का नाम लेकर भी उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारी की मोबाइल लोकेशन से भी जांच कराया जाए। इस पर मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कालाबाजारी को लेकर सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। पूर्वी चंपारण में 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 19 लोगों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। पूरे बिहार में 419 लाइसेंस रद्द किए गए और 104 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

पटना में देर से पहुंचने के कारण परीक्षा सेंटर में प्रवेश नहीं मिलने पर एक छात्रा के आत्महत्या मामले पर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि अगर किसी परीक्षार्थी को 5 मिनट लेट हो जाए तो परीक्षा भवन में नहीं घुसने देना गैरकानूनी है। सरकार को कड़ा कानून लाना चाहिए और 10-15 मिनट की छूट देनी चाहिए। जाम सभी जगहों पर रहता है और आप अगर होम सेंटर देते हैं तो कोई बात नहीं है लेकिन दूर-दूर सेंटर पर लोग जाम में फंस जाते हैं लोगों को देरी हो जाती है।

## बुनियाद केन्द्र में जिला स्वास्थ्य समिति के स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

एजेंसी

**अररिया** : अररिया बुनियाद केन्द्र में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत कार्यरत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भरगामा और अररिया प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सम्मिलित हुए।प्रशिक्षण का उद्देश्य बुनियाद केंद्र द्वारा वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजनों को प्रदान की जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी देना तथा स्वास्थ्य तंत्र के माध्यम से इन सेवाओं को अधिकाधिक लाभार्थियों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम प्रबंधक नवीन कुमार नवीन, डीपीएम (सीएससी) रविन्द्र कुमार एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (स्वास्थ्य) राकेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सक्षम के जिला प्रबंधक नवीन कुमार नवीन ने बुनियाद केंद्र द्वारा प्रदत्त की जा रही विभिन्न निशुल्क सेवाओं फिजियोथेरेपी, चश्मा वितरण, आंख एवं कान की जांच, स्पीच थेरेपी तथा अन्य पुनर्वास सेवाओं पर चर्चा की गई। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को मिलने वाले लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें बुनियाद केंद्र की सेवाओं से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर बुनियाद केंद्र के लेखापाल पुष्कर पुष्प, केंद्र प्रबंधक करुण कुमार, ऑप्थेल्मो असिस्टेंट अनिल कुमार एवं सीनियर फिजियो तरन्नुम निगार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सदक ए फित्र प्रति व्यक्ति 82 रुपये तय



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : पहला रमजान 1447 हिजरी को एदार ए शरीया झारखंड इस्लामि मरकज हिंदपीडी रांची में नाज़िमे आला हजरत मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी की पहल पर मौलाना मुफ़्ती एजाज हुसैन की अध्यक्षता में मुफि्तयाने केराम, उलेमा व ज़िम्मेदार लोगों की एक मीटिंग हुई, जिसमें रमजान के मौके पर गरीबों, यतीमों, जरूरतमंदों और मदरसों के छात्रों को दिए जाने वाले सदक ए फित्र के बारे में आपसी चर्चा हुई। उलेमा ने सदक-ए-फित्र पहलुओं पर चर्चा की। मुफि्तयाने केराम ने कहा कि हर मालिके नेसाब पर वाजिब है कि अपने और अपने नाबालिग बच्चों की तरफ से सदक-ए-फित्र अदा करे। एदार ए शरीया ने शरीयत के उसूलों को देखते हुए यह फैसला किया कि आला व उच्च तहकीक के अनुसार सदक-ए-फि त्र प्रति व्यक्ति आधा साअ गेहूं है, जिसका वजन 2 किलो 45 ग्राम है। गेहूं का औसत दाम माना जाएगा, जो बाजार में बिक रहा है। एदार ए शरीया मुसलमानों को शरीयत की रौशनी में गाइड करता है और पूरी रिसर्च और जांच के बाद फैसला लेता है। इसी वजह से एदारा ने मौलाना मिन्हाजुद्दीन रिजवी, मौलाना मुफ्ती मुहम्मद शमशाद मिस्बाही सहायक काजी, मौलाना मुफ्ती आकिब जावेद मिस्बाही सहायक काजी और मास्टर जुल्फिकार अली की एक सर्वे टीम बनाया था, सर्वे टीम के अधिकारियों ने रांची के बाजारों में अभी बिक रहे गेहूं की कीमत का सर्वे किया और एदार ए शरीया को रिपोर्ट सौंपी।सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक गेहूं की औसतन कीमत 40 रुपये प्रति किलो है। इस तरह 2 किलो 45 ग्राम गेहूं की कीमत 81 रु 90 पैसे होते हैं जिसे एहतियात के तौर पर 82 रुपये (बयासी) तय किया गया। इसलिए इस साल रमजान 1447 हिजरी के महीने में रांची और इसके आसपास के इलाकों में प्रति व्यक्ति सदक-ए-फित्र 82 रुपये (ब्यासी रुपए) तय किया गया है। एदारा ने मुसलमानों से अपील की है कि वे अपने और अपने परिवार की ओर से प्रति व्यक्ति 82 रुपये सदक-ए-फित्र निकालकर गरीबों, जरूरतमंदों, अनाथों, विधवाओं, और मदरसों के छात्रों के लिए अदा करें। एदार ए शरीया ने कहा है कि अगर आप महंगे आटे का इस्तेमाल कर रहे हैं तो दो किलो पैंतालीस ग्राम गेहूं या उसकी कीमत की गणना करना उसी कीमत से बेहतर है। इसी तरह, यदि आप जौ, किशमिश, खजूर और बाजरा का उपयोग कर रहे हैं, तो निर्दिष्ट वजन के आधार पर इसकी गणना करें। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि 82 रुपये की घोषणा और नियम केवल रांची शहर और उसके आसपास के इलाकों के लिए है इस बारे में एदार ए शरीया झारखण्ड ने राज्य के सभी जिलों और शहरों में रहने वाले मुफ्तियों और उलेमा से कहा है कि वे अपने-अपने इलाकों के बाजारों में बिकने वाले औसत गेहूं की कीमत का सर्वे करें और इसकी घोषणा करें, ताकि आम लोगों को इस की गाइडेंस मिल सके। आज की बैठक में सेशन में एदार ए शरीया झारखण्ड के नाज़िम-ए-आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना मुफ़्ती एजाज हुसैन मिस्बाही, मौलाना डॉ. ताजुद्दीन रिजवी, कारी मुहम्मद अयूब रिजवी, मौलाना निजामुद्दीन मिस्बाही, मौलाना मिनहाजुद्दीन रिजवी, मौलाना मुहम्मद शमशाद आलम मिस्बाही, मौलाना मुफ़्ती आकिब जावेद मिस्बाही, नईमुल्लाह हबीबी, मास्टर जुलफि कार अली और मुहम्मद जमीरुद्दीन समेत कई लोग मौजूद थे।

## 18 दिन बाद भी अपहृत महिला व बच्चों का नहीं मिला सुराग

**नवादा** : नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र में महिला और बच्ची के कथित अपहरण मामले में 18 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। पीड़ित परिवार लगातार थाने का चक्कर लगा रहा है, लेकिन महिला और उसकी बच्ची की बरामदगी नहीं हो पाई है। ज्ञात हो कि 5 फरवरी को कपड़ा खरीदने निकली 30 वर्षीय महिला को कथित तौर पर कुछ लोगों ने जबरन वाहन में बैठाकर ले जाने का आरोप लगाया गया था। अगले दिन सुबह महिला ने फोन कर परिजनों को बताया था कि उसे और बच्चों को एक कमरे में बंद कर रखा गया है। इसके बाद से उसका मोबाइल बंद है और अब तक कोई संपर्क नहीं हो पाया है। घटना के बाद से परिजन काफी परेशान हैं।

## शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम में विकसित होता है हॉजकिन लिम्फोमा : डॉ. रेयाज अहमद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : हॉजकिन लिम्फोमा एक प्रकार का ब्लड कैंसर है, जो शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम में विकसित होता है। यह सिस्टम हमारी इम्यून सिस्टम का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इस बीमारी की पहचान लिम्फ नोड में पाये जानेवाले असामान्य और बड़े ह्ररीड-स्टर्नबर्गह्व सेल्स से होती है। इसकी एक खास बात यह है कि यह अन्य कई कैंसर की तुलना में अधिक प्रेडिक्टेबल तरीके से फैलता है और सही समय पर इलाज मिलने पर पूरी तरह ठीक भी हो सकता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के हीमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. रेयाज अहमद ने बताया ह्वइसके सामान्य लक्षणों में गर्दन, बगल या जांघ में बिना दर्द की सूजन, लगातार थकान, बुखार



और रात में पसीना आना (बी-सिम्पटम्स), बिना कारण वजन कम होना, लगातार खुजली और यदि छाती प्रभावित हो, तो सांस लेने में तकलीफ या खांसी शामिल हो सकते हैं। निदान के लिए सबसे पहले विस्तृत मेडिकल हिस्ट्री और शारीरिक परीक्षण किया जाता है। इसके लक्षण अक्सर टीबी से मिलते-जुलते होते हैं, लेकिन यह बीमारी संक्रामक नहीं है। यह प्रायः किशोरावस्था से लेकर 20झ25 वर्ष की उम्र में और फिर बुजुर्गों में अधिक देखी जाती है। यह बीमारी मुख्य रूप से गर्दन, बगल, जांघ के पास या छाती के लिम्फ नोड्स में शुरू होती है। क्लासिक हॉजकिन लिम्फोमा में रीड-स्टर्नबर्ग सेल्स पाये जाते हैं, जबकि एक दुर्लभ प्रकार नोड्यूलर लिम्फोसाइट प्रीडॉमिनेंट ल्ब्छ भी होता है। यह आमतौर पर पास के लिम्फ नोड्स में क्रमबद्ध तरीके से फैलता है और बाद में अन्य अंगों को प्रभावित कर सकता है।

## वीरपुर हत्याकांड में तीन दोषियों को आजीवन कारावास

एजेंसी

**सुपौल** : जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनंत सिंह की अदालत ने गुरुवार को वीरपुर थाना क्षेत्र से जुड़े बहुचर्चित हत्याकांड में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने तीन अभियुक्तों को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि कुल 13 आरोपियों में से नौ को पूर्व में बाइज्जत बरी कर दिया गया था।

अदालत ने जगदीश करोजिया, मनीष कुमार यादव एवं कुंदन कुमार गोईत को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा तीनों दोषियों को भादवि की धारा 307/34 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा दी गई। जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। वहीं आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत जगदीश करोजिया एवं मनीष कुमार यादव को चार वर्ष का कारावास एवं पांच हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई। जुमार्ना नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। गौरतलब है कि 7 मई 2020 की रात वीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ आश्रय टिहली भवन के समीप घात लगाकर अपराधियों ने गोलीबारी की थी। इस घटना में पूर्व पैक्स अध्यक्ष गणेश यादव एवं उनके भांजे प्रदीप यादव को गोली लगी थी।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ा बिहार : मैथिली ठाकुर




एजेंसी

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आए बदलाव को लेकर विधानसभा में गुरुवार को जोरदार बहस देखने को मिली। सदन में शिक्षा बजट पर बोलते हुए विधायक मैथिली ठाकुर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले का बिहार महाभारत के धृतराष्ट्र के हस्तिनापुर जैसा था, जहां शासन तो था लेकिन व्यवस्था देखने और सुधारने की इच्छाशक्ति नहीं थी। उससे भी बड़ी बात यह थी कि उन्हें हस्तिनापुर की नहीं, केवल दुर्योधन की चिंता थी।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब सरकारी स्कूलों की हालत जर्जर थी, शिक्षक वेतन के लिए भटकते थे और बच्चों को मध्यान्ह भोजन तक नसीब नहीं होता था। कागजों पर विद्यालय चलते थे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कई वरिष्ठ नेता उस दौर के साक्षी भी रहे हैं और सत्ता का हिस्सा भी, इसलिए उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा, जनता भले भूल जाए, लेकिन इतिहास कभी नहीं भूलता और न ही माफ करता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 को बिहार के लिए ऐतिहासिक मोड़ बताते हुए उन्होंने कहा कि उस समय एक नए युग की शुरूआत हुई, जिसका नाम है नीतीश कुमार। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन, कानून व्यवस्था और विकास की नई परंपरा की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री साइकिल योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे सरकार की ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इस योजना ने ग्रामीण इलाकों की बेटियों की तकदीर बदल दी।

## भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला, 07 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा अभियान

एजेंसी

**सुपौल** : सुपौल स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ऋषिदेव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी एवं मधेपुरा के पूर्व जिला अध्यक्ष महादेव चौधरी ने कहा कि मार्च माह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी मंडलों में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को पार्टी के अनुशासन, उद्देश्य एवं देश सेवा की भावना के संदर्भ में बौद्धिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ऋषिदेव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री एवं संगठन प्रभारी सत्येंद्र भट्ट तथा जिला प्रभारी अनुरंजन झा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 7 मार्च से 14 अप्रैल तक चलने वाली प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि अन्य दलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं, जिन्हें पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों एवं अनुशासन की जानकारी देकर प्रशिक्षित करना आवश्यक है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी इस कार्यशाला में लिया जाएगा।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पंचायत सचिवालय में किया लाइब्रेरी केन्द्र का निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला(रामगढ़)** : जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा गुरुवार को सोसो कलां स्थित पंचायत सचिवालय तथा पुस्तकालय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता, रख-रखाव एवं वहाँ चल रही योजनाओं का जायजा लिया। साथ ही केंद्र को सुचारू रूप से संचालित करने का आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से पुस्तकालय की स्थिति पंचायत सचिवालय में पुस्तकालय का रख-रखाव और उसमें पुस्तकों की स्थिति की जाँच की गई।

**सरकारी योजनाओं का जायजा**



**पुस्तकालय** के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं की भी जानकारी ली गई। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार महतो, पंचायत सचिव संगीता लकड़ा, बीएसओ कंप्यूटर ऑपरेटर नरेंद्र कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक मोबीन अहमद, पंचायत सहायक विवेक कुमार महतो, समाज सेवी गुलाम सरवर, रियाज अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मानव चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

**अररिया** : एसएसबी 56वीं वाहिनी की ओर से गुरुवार को बाह्य सीमा चौकी डी समवाय कुशमाहा के दामादीघी, हटेवा, बैजनाथपुर एवं पोखरिया में पशु चिकित्सा एवं मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट आईपीएस शाश्वत कुमार के दिशा निर्देश पर यह आयोजित हुआ। एसएसबी के बथनाहा के संयुक्त अस्पताल के द्वितीय कमान अधिकारी चिकित्सक डॉ सोहेल खान द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क जांच किया गया।चिकित्सीय परामर्श के अनुसार ग्रामीणों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।मानव चिकित्सा शिविर में 348 सीमावर्ती ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ पीड़ित 10 लाख परिवारों के निमित्त 680 करोड़ हुए जारी

एजेंसी

**पटना** : बिहार सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ग्रस्त इलाकों में प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से 680 करोड़ 17 लाख रुपये की आनुग्राहिक राशि का भुगतान किया है। यह राशि 9 लाख 71 हजार 678 परिवारों को प्रति परिवार सात हजार रुपये के हिसाब से दी गई है। विभाग के संयुक्त सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने गुरुवार को बताया कि इससे पहले पीड़ित परिवारों के लिए 6 हजार रुपये की आनुग्राहिक राशि जारी की जाती थी, लेकिन अब इस राशि में प्रति परिवार एक हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन की दिशा में विभाग ने कई महत्पवूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें एक मुख्य वर्ष 2025-30 के बीच नदियों, जलाशयों और गड्ढों में डूबकर मरने वाले लोगों की संख्या में 50 फीसदी तक की कमी लाना शामिल है। इसके लिए 6 से 10 वर्ष के बच्चों और 11 से 18 वर्ष के उम्र वाले किशोरों को सुरक्षित तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मो सिद्दीकी ने बताया कि अगलगी की घटनाओं में विभाग तत्परता के साथ बचाव और आनुग्राहिक राहत देने का कार्य कर रहा है। वर्ष 2025-26 में घटित ऐसी घटनाओं में पशु-पक्षी एवं क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए 44 करोड़ 84 लाख रुपये का आवंटन किया गया है। साथ ही कृषि इनपुट और अनुग्रह अनुदान के लिए क्रमशः 12.70 और 9.20 करोड़ रुपये आवंटित हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के सामंजस्य में स्कूलों में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को आपदाओं के जोखिमों की पहचान, उनके प्रभावों को कम करने के उपायों की समझ विकसित करने के साथ बच्चों के सहारे राज्य में आपदा सुरक्षा की संस्कृति को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में इस वर्ष अभी तक करीब आठ हजार से भी अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत देने और बचाव कार्य के लिए आपदा प्रबंधन विभाग राज्य के सभी जिलों में आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र (ईआरएफ-टीसी) का निर्माण कर रहा है। अभी तक चिन्हित 18 में 17 में भवन निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि पटना में कार्य प्रगति पर है। बाकी के 20 जिलों में भी विभागों के समन्वय से निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

# केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कृषि संस्थानों का किया भ्रमण



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह रक्सौल जाने के क्रम में गुरूवार को पीपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, पशु प्रजनन केंद्र और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों के साथ खेती में नई तकनीकों, मिट्टी की उर्वरा शक्ति और किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ये संस्थान किसानों की 'रीढ़' हैं और यहां के वैज्ञानिकों के प्रयास से खेती की दिशा बदल सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप किसानों की आय दोगुनी करने और खेती में रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने के लिए बायोचार और विभिन्न माइक्रोन्यूट्रिएंट्स के उपयोग पर वैज्ञानिकों ने वैकल्पिक सुझाव दिए। इसका पहला प्रयोग बेगूसराय में किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बेगूसराय में रासायनिक खाद का उपयोग कम करना जरूरी है, ताकि जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहे और किसानों की पैदावार बेहतर हो। 'द केरल फाइल' और 'द कश्मीर फाइल' फिल्मों के विरोध को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इनका विरोध वही लोग कर रहे हैं जो देश की सच्चाई को जनता तक पहुंचने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'कश्मीर फाइल्स' 90 के दशक में कश्मीरी हिंदुओं की त्रासदी को दिखाती है और देश के युवाओं को यह इतिहास जानना जरूरी है, ताकि सामाजिक समरसता मजबूत हो सके।

**Jharkhand Education Project Council**
**JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004**
**Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,**
**e-mail: jepcranchi1@gmail.com**

**E-Tender Notice**

JEPC, Ranchi invites E-Bids for **Publishing and Supply of monthly magazine "PANKH", Science Magazine and Competitive Magazine.** Bidders can download bid documents from website **https://jharkhand tenders.gov.in** from 19.02.2026 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 02.03.2026 up to 04:00 PM.

**Letter No.: JEPC/ QU/40/119/2025/795 , Date: 18/02/2026**

Sd/-
**(Shashi Ranjan)**
State Project Director

PR 373267 Jharkhand Education Project Council (25-26)_D



# हरमनप्रीत बनीं महिला क्रिकेट की सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलनेवाली खिलाड़ी

**एजेंसी**

**कैनबरा :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रचते हुए महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में मैदान पर उतरते ही उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 19 फरवरी को अपना 356वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सुजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया।

### दूसरे टी-20 मुकाबले के टॉस के दौरान इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए हरमनप्रीत ने कहा...

**'यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद है कि मैं टीम के लिए इसी तरह मेहनत करती रहूं और जितना संभव हो सके, खेलती रहूं।'**

इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गईं। सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (349 मैच) तीसरे स्थान पर हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स ने 309 मुकाबलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा सोफी डिवाइन (305), हीथर नाइट (303) और डैनी व्याट-होज (302) भी इस सूची में शामिल हैं। 36 वर्षीय हरमनप्रीत कौर अब तक 6 टेस्ट, 161 वनडे और 189 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुकी हैं। टेस्ट में उन्होंने 200 रन बनाए हैं, जबकि वनडे में उनके नाम 4,409 रन और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 3,784 रन दर्ज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा हरमनप्रीत ने 35 महिला प्रीमियर लीग, 62 महिला बिग बैश लीग और 10 द हंड्रेड प्रतियोगिता के मुकाबले भी खेले हैं। उल्लेखनीय है कि उनकी कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने 2025 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 52 रन से हराकर पहली बार विश्व खिताब जीता था।

### सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलनेवाली महिला क्रिकेटर

| | | | |
|---|---|---|---|
| ■ हरमनप्रीत कौर | : | 356 मैच | (भारत) |
| ■ सूजी बेट्स | : | 355 मैच | (न्यूजीलैंड) |
| ■ एलिस पेरी | : | 349 मैच | (ऑस्ट्रेलिया) |
| ■ मिताली राज | : | 333 मैच | (भारत) |
| ■ शार्लेट एडवर्ड्स | : | 309 मैच | (इंग्लैंड) |
| ■ सोफी डिवाइन | : | 305 मैच | (न्यूजीलैंड) |
| ■ हीथर नाइट | : | 303 मैच | (इंग्लैंड) |
| ■ डैनियल वायट | : | 302 मैच | (इंग्लैंड) |



# जिम्बाब्वे ने लगातार दूसरे वर्ल्ड चैम्पियन को हराया



■ ऑस्ट्रेलिया के बाद श्रीलंका को 06 विकेट से मात दी, ब्रायन बेनेट ने 63 रन बनाये

**एजेंसी**

**कोलंबो :** आईसीसी रैंकिंग में 11वें नंबर की टीम जिम्बाब्वे ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरे मैच में वर्ल्ड चैंपियन टीम को मात दी है। उसने गुरुवार के दूसरे मैच में 2014 की वर्ल्ड चैंपियन श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। टीम ने 13 फरवरी को 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराया था। 179 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। ओपनर ब्रायन बेनेट ने महीश तीक्षणा की बॉल पर चौका मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 48 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। बेनेट ने 8 चौके लगाए। उनके अलावा, कप्तान सिकंदर रजा ने 45 और तदिवानाशे मारुमनी ने 34 रन का योगदान दिया। दशुन हेमंथा ने 2 विकेट झटके। टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। ओपनर पथुम निसांका ने 41 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। जबकि पवन रत्नायके ने 44 रन बनाए। जिम्बाब्वे के 3 बॉलर्स को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट रायन बर्ल के खाते में आया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

**श्रीलंका :** पाथुम निसांका, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, पवन रत्नायके, दासुन शनाका (कप्तान),कामिंडु मेंडिस, दुनिथ वेल्लालागे, दुषन हेमंथ, महीश तीक्षणा, प्रमोद मदुशन, दिलशान मदुशंका।

**जिम्बाब्वे :** ब्रायन बेनेट, तदिवानाशे मारुमनी, सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, डायोन मायर्स, ताशिंगा मुसेकिवा, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैड इवांस, टोनी मुनयोंगा, ग्रीम क्रेमर,ब्लेसिंग मुजरबानी।

## वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हराया, सुपर-8 में प्रवेश



**कोलकाता :** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 में वेस्टइंडीज ने अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में इटली को 42 रन से हराकर सुपर-8 में अजेय रहते हुए प्रवेश किया। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 165/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया और जवाब में इटली की टीम को 18 ओवर में 123 रन पर समेट दिया। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि मैथ्यू फोर्डे ने तीन सफलताएं हासिल कीं।

**होप की कप्तानी पारी**

**टॉस** हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर ब्रेंडन किंग पारी की सातवीं गेंद पर आउट हो गए, जबकि शिमरॉन हेटमायर भी केवल एक रन बना कर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले के अंत तक टीम का स्कोर 48/2 था। इसके बाद कप्तान शाई होप ने जिम्मेदारी संभाली और रोस्टन चेज के साथ 64 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। होप ने मात्र 28 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 46 गेंदों में 75 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल रहे। अंतिम ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड (24* रन, 15 गेंद) और मैथ्यू फोर्डे (16 रन, 8 गेंद) ने 14 गेंदों में 28 रन जोड़कर टीम को 165/6 तक पहुंचाया।

**इटली की लड़खड़ाती पारी**

**166 रन** के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत बेहद खराब रही। जस्टिन मोस्का 2 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि एंथनी मोस्का 19 रन (एक चौका, दो छक्के) बनाकर चलते बने। पावरप्ले के अंत तक टीम 37/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी। जेजे स्मट्स (24 रन) और बेन मनेन्ती (26 रन) ने कुछ देर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। ग्रांट स्टीवर्ट ने 12 रन बनाए, पर टीम बड़ा साझेदारी नहीं बना सकी।

## हर्ष तिवारी के हरफनमौला प्रदर्शन से हेहल आरोही की शानदार जीत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट लीग, हेहल में खेले गए मुकाबले में हेहल आरोही ने हरमू यूथ को चार विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमू यूथ की टीम ने 178 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। हरमू यूथ की ओर से अंशु कुमार ने शानदार 70 रन बनाए, जबकि नीरज ने 17 और आशीष ने 19 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में हेहल आरोही के हर्ष तिवारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5.1 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उनके अलावा बसंत और अभिनव ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हेहल आरोही की टीम ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से अभिनव कुमार ने 46 रन, अक्की ने 30 रन और विशाल ने 35 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। हर्ष तिवारी के हरफनमौला प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।



## बदलते मौसम में सूर्य नमस्कार से बढ़ायें इम्यूनिटी और ऊर्जा

**रांची :** बदलते मौसम में शरीर की इम्यूनिटी और ऊर्जा अक्सर प्रभावित होती है। आर्य प्रहलाद भगत के अनुसार, सूर्य नमस्कार का नियमित अभ्यास शरीर को मजबूत बनाता है और मानसिक स्पष्टता देता है। नटराज योग संस्थान और योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार के 12 आसन शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम को सक्रिय कर टॉक्सिन्स बाहर निकालते हैं, मेटाबॉलिज्म तेज करते हैं और पाचन सुधारते हैं। संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, संरक्षक आशुतोष द्विवेदी और अन्य सदस्यों की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। रांची जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष और सदस्यों ने आयोजन की सफलता पर बधाई दी।



नार्वे में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में बोडो ग्लीम्ट और इंटर मिलान के फुटबॉल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

## दुबई ओपन में मर्टेंस को हरा कर क्वार्टर फाइनल में पहुंची गॉफ



दुबई (ईएमएस)। अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ जीत के साथ ही दुबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं हैं। गाफ ने बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। मर्टेंस के खिलाफ मुकाबले में गाफ ने तीन मैच अंक बचाए और सवा दो घंटे तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही गॉफ ने बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए पांच मुकाबलों में जीत हासिल की है। गॉफ ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि से उन्हें कड़े संघर्ष के बाद मिली है। इस खिलाड़ी के अनुसार मैच को आसान नहीं कहा जा सकता है। इसमें बने रहने क लिए उन्हें जमकर पसीना बहाना पड़ा है। इस जीत के साथ ही गॉफ साल 2001 में टूनार्मेंट शुरू होने के बाद से ही दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में चार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी है।

### जेएससीए ने आयोजित किया इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट

## गढ़वा ने खूंटी को 08 विकेट से किया पराजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को हुए मुकाबले में गढ़वा ने खूंटी को 8 विकेट से पराजित किया। खूंटी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 155 रनों पर ऑल आउट हो गई। खूंटी की ओर से बलराम नायक ने 70 और रूपेश ने 21 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वही, गढ़वा की ओर से विकास ने 10 ओवर में 40 रन देकर 7 विकेट हासिल किए।जवाबी पारी खेलने उतरी गढ़वा की टीम ने आसानी से 22वे ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। गढ़वा की ओर से हर्ष ने 76 और आयुष ने 72 रनों की पारी खेली। खूंटी को ओर से रूपेश ने 2 विकेट झटके। शानदार गेंदबाजी के लिए गढ़वा के विकास गर्ग को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से आरडीओ अजय यादव, अंपायर प्रशांत कुमार , जितेंद्र कुमार, स्कोरर जुलकर नैं अहमद, जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, अंकित विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मधुसूदन उरांव, आयुष अग्रवाल, सनी साहू, विनीत नाग, शशिरंजन, पंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड

## एक झलक

### प्रमंडलीय आयुक्त से पुलिस अधीक्षक ने की मुलाकात

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त0कुमुद सहाय से आज गढ़वा जिले के उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों पदाधिकारियों ने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। आयुक्त ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से गढ़वा जिले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने की सलाह दी।

### शून्यकाल में उठा लखीबागी के आम रास्ता का मामला

**कोडरमा :** जिला मुख्यालय से सटे सुजानपुर लखीबागी में आम रास्ता का मामला गुरुवार को विधानसभा के शून्य काल में उठाया गया। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि सुजानपुर लखीबागी में रेडियो स्टेशन का चहारदीवारी किया जाना है। वहां पिछले 60 वर्षों से आम रास्ता का लोग उपयोग कर रहे हैं। लोगों ने दक्षिणी छोर पर आम रास्ता को छोड़कर रेडियो स्टेशन का चहारदीवारी करवाने की मांग की है, ताकि आम लोगों को कठिनाई नहीं हो। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए विधायक डॉ नीरा यादव ने सरकार से ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए रास्ता छोड़कर चहारदीवारी का निर्माण करवाने की मांग की है।

## अल-इमदाद ट्रस्ट ने रमजान के मौके पर 50 जरूरतमंद परिवारों को बांटी रमजान किट




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** पवित्र रमजान माह के अवसर पर कोडरमा जिले के छतरबर क्षेत्र में अल-इमदाद ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बीच 50 रमजान किट का वितरण किया गया। ट्रस्ट की इस पहल का उद्देश्य रोजेदार परिवारों को सहरी और इफ्तार में सहयोग प्रदान करना तथा समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि रमजान इबादत, सब्र और इंसानियत का महीना है। ऐसे पवित्र अवसर पर असहाय और गरीब परिवारों की मदद करना हम सभी का दायित्व है। इसी भावना के साथ संस्था ने आवश्यक खाद्य सामग्री से युक्त किट तैयार कर चयनित परिवारों तक पहुंचायी। प्रत्येक किट में आटा, खजूर, दाल, चीनी, खाद्य तेल सहित अन्य जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी, जिससे लाभुक परिवारों को पूरे महीने राहत मिल सके। किट प्राप्त करने वाले परिवारों ने ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

### चैनपुर में जन शिकायत निवारण दिवस में उमड़ी भीड़

## 55 मामलों का मौके पर हुआ निष्पादन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में चैनपुर में बृहस्पतिवार को 'जन शिकायत निवारण दिवस' का आयोजन किया गया। इस शिविर में चैनपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों ने सक्रियता दिखायी। शिविर के दौरान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और प्रमाण पत्रों से संबंधित कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन की मुस्तैदी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्राप्त आवेदनों में से 55 आवेदनों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। शेष बचे आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्राप्त आवेदनों वृद्धा पेंशन हेतु सबसे अधिक 15 आवेदन आए आवासीय 14, आय प्रमाण पत्र 13 और जाति प्रमाण पत्र 11 के लिए ग्रामीणों ने अपनी मांग रखी। राशन कार्ड के लिए 08 और पीएम जनमन आवास के लिए 02 आवेदन मिले जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के 06 और पारिवारिक सदस्य प्रमाण पत्र के 02 मामले दर्ज किए गए।सैकड़ों ग्रामीणों ने इस शिविर का लाभ उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही छत के नीचे प्रमाण पत्र और पेंशन जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान होने से उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली है।

## हथियार के साथ 07 गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** सबिना कॉलोनी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे सात युवकों को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई गोलमुरी थाना क्षेत्र में की गई। मामले का खुलासा गुरुवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में किया। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सबिना कॉलोनी के एक कमरे में कुछ युवक इकट्ठा होकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात की साजिश रच रहे हैं। सूचना मिलते ही एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम को देखते ही कमरे में मौजूद युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर सभी को खदेड़कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली डांगुडीह निवासी मो. जीशान उर्फ जीशु (26), बिष्टूपुर धतकीडीह ए ब्लॉक निवासी शेख नुमान (25), धतकीडीह न्यू डीएस फ्लैट निवासी शेख फैज (23), गोलमुरी मुस्लिम बस्ती निवासी मो. चांद शेख (25), गोलमुरी हिंदू लाइन निवासी शुभम कोहली उर्फ अनमोल कोहरी (20), मो. जुनैद रजा (20) तथा सबिना कॉलोनी निवासी परवेज आलम (32) शामिल हैं।

### रायडीह में योजनाओं का निरीक्षण

## अशोक कुमार भगत ने मार्च लूट और भ्रष्टाचार का किया विरोध



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** किसानों को उनकी खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है और गुमला में पदस्थापित विभाग के आला अधिकारियों एवं पदाधिकारी कैसे योजनराशि को बंदरबांट कर रहे हैं इसका जिता जागता उदाहरण रायडीह प्रखंड क्षेत्र में तीन योजनाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आदिवासी छात्र संघ जिला अध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक अशोक कुमार भगत के साथ न्याय स्केल संवाददाता अजय कुमार शर्मा द्वारा देखा गया सबसे पहले जमगाई गांव में नवनिर्मित चेकडैम निर्माण कार्य में पाया गया है कि बिना पिलिंथ ढलाई किए गार्डवाल निर्माण कार्य वह भी पेटीदार के हाथों लाखों की योजना को संबंधित विभाग के इंजिनियर एवं संवेदक सिर्फ लूट का साम्राज्य स्थापित कर रहे हैं अनोखा चेकडैम निर्माण कार्य चल रहा है कार्य स्थल पर ना तो इंजिनियर और ना ही संवेदक सिर्फ पेटीदार ठेकेदार को चेकडैम निर्माण कार्य में लगाकर संवेदक और इंजीनियर चैन की बांसुरी बजा रहे हैं कार्य स्थल पर ना तो योजना को लेकर कोई बोर्ड लगाए गए हैं और ना ही योजना की राशि या किस विभाग से संबंधित है वहां के मजदूरों का कहना है कि एक इंजीनियर आते हैं नाटा सा है नाम मालूम नहीं। गजब की बात है कि चेकडैम निर्माण कार्य में मात्र एक सप्ताह में ही पेटीदार ठेकेदार मिस्त्री ने आधा से ज्यादा काम निपटा दी है। वहीं इसके बाद धार्मिक स्थल बासुदेव कोना में भी एक चेकडैम पूर्व से ही है उसके नहर नाली का मरम्मती कार्य की योजना बनाई गई है और काम चल रहा है लेकिन ऐसा की भ्रष्टाचार भी शरमा कर मुंह छिपा ले नाली मरम्मती कार्य में उसी नाली के टुकड़े पत्थरों से मलहम लगाने का काम शुरू कर दिया गया है और तो और यह भी कि नालियां पूर्व से ही अच्छी है लेकिन फिर भी मरम्मती की योजना बनाई गई है इस योजना को सीधे तौर पर लूट की योजना की संज्ञा देते हुए अशोक कुमार भगत ने कहा कि यह कैसी योजना बनाई गई है मरम्मती कार्य की या फिर योजना राशि को डकारने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसानों को लेकर अनेक योजनाएं चला रखी है लेकिन मुख्यमंत्री को धरातल पर देखने की जरूरत है कि लाखों करोड़ों की योजना राशि संबंधित विभाग को जो दी जा रही है वह सिर्फ कागजी योजनाएं के साथ लूट के लिए है या फिर किसानों के हितों के लिए। इसके अलावा बासुदेव कोना मंदिर के पहले एक पूर्व के चेकडैम निर्माण कार्य कार्यस्थल पर देखें कि कैसे संवेदक ने गार्डवाल निर्माण कार्य सिर्फ जमीनी सतह पर कर मिट्टी से ढककर योजना राशि को डकारने का काम किया गया है इसमें सिर्फ संवेदक ही नहीं बल्कि संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, जुनियर इंजिनियर एवं सहायक अभियंता से लेकर जिला प्रशासन के साथ मिलीभगत कहना चाहिए कि 35 प्रतिशत लेस वाली योजना और 35 प्रतिशत कमीशन उपर से नीचे तक के लिए चेकडैम निर्माण कार्य,नहर मरम्मती कार्य एवं गार्डवाल निर्माण कार्य में सिर्फ मार्च लूट के लिए योजना तीव्र गति से गुमला जिले में चल रहे हैं।ग्रामीण की जमीन बिना जानकारी दिए ली और रोजगार के नाम पर मजदूरी तीन सौ रुपए ठेकेदार ने तय किया यहां बताते चलें कि चेकडैम निर्माण कार्य संवेदक श्याम सुन्दर साहू हैं तो नहर मरम्मती कार्य में पलामू के संवेदक कोई यादव हैं।

## एक झलक

### सैमसंग इंडिया ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन को 'प्री-रिजर्व' करनेवाले ग्राहकों के लिए की विशेष लाभों की घोषणा

**रांची :** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256GB से 512GB तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जायेगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जायेगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। स्टोरेज अपग्रेड के अलावा, प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नया गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस खरीदने पर 2,699 रुपये मूल्य के अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। नयी गैलेक्सी एस सीरीज को रोजमर्रा के कामकाज को आसान बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और डिवाइस हाथ में लेते ही 'गैलेक्सी एआई' को सहजता से अनुभव करने के लिए तैयार किया गया है।

### डिहाइड्रेशन की समस्या से बचायेंगे केनव्यू के दो नये उत्पाद

**धनबाद :** डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल और ईआरजेडएल नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कंपनी के मुताबिक, ओआरएसएलल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जायेगा। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉमूर्ले पर आधारित है और रेडी-टू-ड्रिंक व पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध होगा। वहीं ईआरजेडएल को रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है। यह नया ब्रांड थकान, कमजोरी, गर्मी से होने वाली परेशानी या हल्के-मध्यम डिहाइड्रेशन में मदद करेगा। कंपनी के अनुसार, ईआरजेडएल में पहले की तुलना में 1.4 गुना ज्यादा इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है, जिससे यह पानी की तुलना में तेजी से हाइड्रेशन देने में सक्षम है। ईआरजेडएल ड्रिंक में सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, विटामिन सी और असली फलों का रस शामिल है, जिससे यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी रहे।

मुकेश अम्बानी का बड़ा एलान

# डेटा की तरह सस्ती होगी AI, जियो जोड़ेगा भारत को 'इंटेलिजेंस एरा' से

- 07 साल में करेंगे 10 लाख करोड़ निवेश, जामनगर में गीगावॉट-स्केल AI इंफ्रा
- शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के लिए AI प्लेटफॉर्म लॉन्च
- AI, प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को नयी गति देगा : अम्बानी



**नयी दिल्ली :** उद्योगपति मुकेश अम्बानी ने इंडिया अक इम्पैक्ट समिट में एलान किया कि जिस तरह जियो ने देश में डेटा सस्ता किया, उसी तरह अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी आम भारतीय तक किफायती दरों पर पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि 'भारत इंटेलिजेंस किराये पर नहीं ले सकता' और जियो देश को इंटरनेट युग के बाद अब 'इंटेलिजेंस एरा' से जोड़ेगा। इस दिशा में जियो और रिलायंस इंड्स्ट्रीज अगले सात वर्षों में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे। अम्बानी ने कहा कि यह निवेश भारत में मजबूत अकढांचा खड़ा करने और आनेवाले दशकों के लिए आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जायेगा। कम्पनी जामनगर में चरणबद्ध तरीके से मल्टी-गीगावॉट AI-रेडी डेटा सेंटर पार्क विकसित कर रही है। 2026 के अंत तक 120 मेगावॉट क्षमता शुरू करने का लक्ष्य है, जिसे आगे गीगावॉट स्तर तक बढ़ाया जायेगा। यह पूरा ढांचा ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगा। साथ ही, जियो अपने नेटवर्क के जरिये देशभर में ऐसी कम्प्यूट क्षमता उपलब्ध करायेगा, जिससे अक सेवाएं कम लागत और तेज गति से लोगों, दुकानों, स्कूलों, अस्पतालों और खेतों तक पहुंच सकें।
अंबानी ने जोर देकर कहा कि जियो अक भारतीय भाषाओं में काम करेगा, ताकि किसान, युवा, छात्र और छोटे व्यवसायी अपनी भाषा में इसका लाभ उठा सकें। इसी क्रम में शिक्षा के लिए जियो शिक्षा अक, स्वास्थ्य के लिए जियो आरोग्य अक, कृषि के लिए जियो कृषि और आम उपयोग के लिए जियो भारत IQ जैसे प्लेटफॉर्म पेश किए गए, जो स्थानीय भाषाओं में अक आधारित सहायता उपलब्ध करायेंगे। मुकेश अम्बानी ने विश्वास जताया कि भारत 21वीं सदी में अग्रणी अकशक्ति बन सकता है; बशर्ते तकनीक सुलभ, किफायती और देश की जरूरतों के अनुरूप विकसित की जाये। जियो की इन घोषणाओं से संकेत मिलता है कि कनेक्टिविटी के बाद अब कम्पनी अक को अगला राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।
AI से पैदा होनेवालीं चिंताओं पर अम्बानी ने कहा कि एआई वह मंत्र है, जो हर यंत्र को तेज, बेहतर और स्मार्ट तरीके से काम करने की शक्ति देता है। मैं एआई को आधुनिक अक्षय पात्र के रूप में देखता हूं, जो अंतहीन पोषण प्रदान कर सकता है। अक नौकरियां नहीं छीनेगा बल्कि, यह उच्च-कौशल वाले कार्यों में नये अवसर पैदा करेगा।
अपने सम्बोधन की शुरूआत में अम्बानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना करते हुए कहा कि AI-आधारित विकास की यह पहल, भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को नयी गति देगी। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल भारत, बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों के लिए भी एक प्रेरक मॉडल बन सकती है।

## इनफिनिक्स ने 'ऑल-राउंड पावर' फोन नोट एज किया लॉन्च




**रांची :** न्यू-एज स्मार्टफोन ब्रांड इनफिनिक्स ने आज 'नोट एज' के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक 'ऑल राउंड पावर' डिवाइस है, जो एक्सओएस 16 के डेब्यू के साथ मास-प्रीमियम सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करता है। 19,999 रुपये (ऑफर सहित) की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध, नोट एज किफायती दाम में फ्लैगशिप-ग्रेड एस्थेटिक्स, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी परफॉर्मेंस और निर्बाध 5 जी कनेक्टिविटी का बेहतरीन संगम है। नोट एज इनफिनिक्स की उस फिलॉसफी को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी उपभोक्ताओं को शानदार डिजाइन, टिकाऊ परफॉर्मेंस और उन्नत लेकिन किफायती तकनीक प्रदान करना है। नोट एज में भारत का सबसे स्लिम 6.78-इंच, 3 डी - कर्व्ड 1.5K एमोलेड डिस्प्ले है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 4500 निट्स है और बेस पर इसके बेजेल्स 1.87 एम एम तक बेहद पतले हैं। डिस्प्ले के पीछे ज्वेलरी से प्रेरित डिजाइन है, जो शानदार फिनिश के साथ 3 रंगों में उपलब्ध है। इसके अलावा इसमें प्रीमियम सिल्क-ग्रीन टेक्सचर भी है, जो लग्जरी मैटेरियल का एहसास कराता है। 7.2 एम एम की पतली बॉडी वाले नोट एज में 45 डब्ल्यू ऑल-राउंड फास्टचार्ज और सेल्फ-हीलिंग तकनीक के साथ 6500अँ की बैटरी दी गई है, जो इतनी टिकाऊ है कि 2,300 चार्ज साइकल के बाद भी 80% से अधिक क्षमता बनाए रखती है। हाई-रेज ऑडियो और 360-डिग्री सिमेट्रिकल साउंड फील्ड के साथ JBL-इंजीनियर्ड डुअल स्टीरियो स्पीकर्स से लैस, नोट एज में एक्टिव हेलो रिंग लाइटिंग भी है जो नोटिफिकेशन, कॉल और चार्जिंग पर स्मार्ट तरीके से रिस्पॉन्ड करती है।

## आयात पर निर्भरता के बजाय खुद का एआई ढांचा बनाये भारत : जीत अडाणी

**नयी दिल्ली :** अडाणी समूह के कार्यकारी निदेशक जीत अडाणी ने गुरुवार को कहा कि भारत को आयात पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वयं का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बुनियादी ढांचा तैयार करना चाहिए। इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में जीत अडाणी ने ऊर्जा, कंप्यूट और क्लाउड संप्रभुता को आधुनिक राष्ट्र की नींव बताते हुए देश के लिए हरित ऊर्जा आधारित संप्रभु एआई इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए 100 अरब डॉलर निवेश करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि किसी भी देश की 'राष्ट्रीय संप्रभुता' को तय करने वाला सबसे बड़ा कारक होगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एआई आने वाले समय में राष्ट्रीय संप्रभुता को नए सिरे से परिभाषित करेगा।

# गोयल ने व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को नई दिल्ली में फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने इंडिया-ईयू व्यापार समझौते से मिलने वाले मौकों पर बात की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में लिखा, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो से मिलकर सच में बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारत-ईयू व्यापार समझौता हमारे देशों को सर्विसेज, टेक्नोलॉजी और ग्रीन एनर्जी जैसे खास सेक्टर्स में मिलकर काम करने के बड़े मौके देती है, जिससे इंडिया-फिनलैंड ट्रेड और इन्वेस्टमेंट के रिश्ते और मजबूत होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने आज स्विस कन्फेडरेशन के अध्यक्ष गाई परमेलिन के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की है। बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते के तहत भारत-स्विट्ज़रलैंड कार्यनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। परमेलिन इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में भाग लेने के लिए भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं।
भारत और स्विट्ज़रलैंड ने इस बैठक में भारत-ईएफटीए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत अपनी दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारी और कार्यनीतिक सहयोग को और गहरा करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इस बैठक में एआई इंपैक्ट समिट के संदर्भ में दोनों पक्षों ने नवाचार और उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाये रखने की आवश्यकता को स्वीकार किया और कहा कि टीईपीए प्रेसीजन इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, नवाचार और अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

## भारत में स्थायी चुम्बक का उत्पादन इस साल के अंत तक शुरू हो जायेगा : किशन रेड्डी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि भारत में इस साल के आखिरी तक दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुंबक (आरईपीएम) का उत्पादन शुरू हो जाएगा, जो इलेक्ट्रिक वाहन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए जरूरी महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम होगा। रेड्डी ने यहां उद्योग मंडल इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) और खान मंत्रालय की ओर से आयोजित सम्मेलन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत केंद्र सरकार दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इस क्रम में इसी साल भारत में स्थायी चुंबकों का उत्पादन शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने सामरिक और आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ग्लोबल जरूरी खनिज बैंकिंग में खुद को एक आकर्षक गंतव्य के तौर पर स्थापित कर रहा है। भारत अभी जरूरी खनिजों के आयात पर 95 फीसदी निर्भर है। राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के तहत 32,000 करोड़ रुपये के खर्च से काम शुरू हो गया है। रेड्डी ने बताया कि पूरे देश में 4,000 से अधिक क्रिटिकल खनिज अन्वेषण गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं। सेक्टर को और बढ़ावा देने के लिए सरकार राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को सपोर्ट कर रही है। रेड्डी ने कहा कि गुजरात सरकार ने इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया है, जबकि आंध्र प्रदेश भी आगे बढ़ने को तैयार है। वह जल्द ही ओडिशा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों से भी इन संयंत्रों की स्थापना पर चर्चा करेंगे। यदि पूर्ण मूल्य संवर्धन शृंखला विकसित नहीं की गई तो भारत प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्य देशों पर निर्भर बना रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि खान मंत्रालय ने इसके लिए अन्वेषण ब्लॉकों की नीलामी करने के साथ पुनर्चक्रण सुविधाओं को भी मंजूरी दी है। फिलहाल भारत में महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण के लिए पर्याप्त इकाइयों की कमी है और यह एक बड़ी चुनौती है।

## 'हे भगवान! कितना बदल गया इंसान' में महादेव बनेंगे तरुण खन्ना



**मुंबई :** एण्डटीवी एक बार फिर दर्शकों के लिए हल्का-फुल्का तथा दिल को छू लेने वाला मनोरंजन लेकर आ रहा है। चैनल का नया डिवाइन ड्रैमेडी शो हे भगवान- कितना बदल गया इंसान! जल्द ही शुरू होने वाला है। यह शो उज्जैन की आध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें रोजमर्रा की जिंदगी में हास्य, भावनाओं और पौराणिक अंदाज से परिपूर्ण अनोखा मेल देखने को मिलेगा। इस खास कहानी में मशहूर अभिनेता तरुण खन्ना भगवान महादेव की भूमिका निभाते नजर आएँगे। तरुण खन्ना इससे पहले भी कई पौराणिक किरदारों में अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते रहे हैं। इस शो में वे महादेव को एक ऐसे रूप में पेश करेंगे, जो दिव्य होने के साथ-साथ मानवीय भी है, जहां भगवान इंसानों के बीच रहकर उनके जीवन को समझते और दिशा देते दिखाई देंगे। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, तरुण खन्ना कहते हैं, महादेव की भूमिका निभाना मेरे लिए बहुत ही विशेष और रचनात्मक अनुभव रहा है। इस शो में शिव का रूप थोड़ा अलग है। वे सशक्त होने के साथ-साथ आकर्षक, आत्मीय और शांत स्वभाव के हैं। इंसानों के बर्ताव को वे कभी मुस्कुराकर देखते हैं, तो कभी हल्के आश्चर्य के साथ। इस किरदार की सबसे खास बात यह है कि महादेव यहाँ संवाद के जरिए नहीं, बल्कि पहेलियों, हास्य और कभी-कभी आज की पीढ़ी से जुड़ने वाले संदर्भ के माध्यम से अपनी बात कहते हैं, जिससे वे दर्शकों के और भी करीब लगते हैं।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 1236 और निफ्टी 365 अंक टूटा



**नयी दिल्ली :** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच व्यापक बिकवाली से बाजार के दोनों प्रमख सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,236 लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 365 अंक टूट गया। शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स तीन सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगाते हुए 1236.11 अंक यानी 1.48 फीसदी लुढ़ककर 82,498.14 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 365.00 अंक यानी 1.41 फीसदी टूटकर 25,454.35 पर बंद हुआ।
सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में शामिल इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, आईटीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। इस बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 फीसदी बढ़कर 71.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तीन फीसदी और जापान का निक्की एक फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि हांगकांग और चीन के बाजार पारंपरिक चंद्र नववर्ष पर अवकाश के चलते बंद रहे। बुधवार को कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 फीसदी उछलकर 83,734.25 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 फीसदी की बढ़कर 25,819.35 पर बंद हुआ था।

## पेज एक के शेष

**भारत को एआई में दिखता है भाग्य और भविष्य : मोदी...**
उन्होंने कहा कि नैतिक और नीतिपरक प्रणालियां ; यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता नैतिक दिशा-निर्देशों पर आधारित होनी चाहिए। जवाबदेह शासन का अर्थ है कि इसके लिए पारदर्शी नियम और इसकी सशक्त निगरानी होनी चाहिए। राष्ट्रीय सम्प्रभुता से मतलब है कि डेटा उसके सही स्वामी (सम्बन्धित देश) का है। सुलभ और समावेशी ; यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एकाधिकार नहीं, बल्कि एक गुणक होना चाहिए। वैध और न्यायसंगत से अर्थ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विधिव और सत्यापन योग्य होनी चाहिए। बड़े विजन और जिम्मेदारी को निभाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के साथ ही हमें इस बात की भी चिन्ता करनी है कि आनेवालीं पीढ़ियों के हाथों में हम एआई का क्या स्वरूप सौंप कर जायेंगे। उन्होंने कहा कि आज असली प्रश्न भविष्य में एआई क्या कर सकती है के बजाय वर्तमान में हम एआई के साथ क्या करते हैं। हमें एआई को मशीन केन्द्रित से मानव केन्द्रित बनाने और संवेदनशील तथा उत्तरदायी बनाने पर जोर देना चाहिए। यही इस वैश्विक एआई सम्मेलन का मूल उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक, जिन्हें एआई में भय दिखता है और दूसरे वे, जिन्हें एआई में भाग्य दिखता है। मैं गर्व और जिम्मेदारी से कहता हूं कि भारत को भय नहीं, एआई में भाग्य दिखता है, भारत को एआई में भविष्य दिखता है।
प्रधानमंत्री ने वर्तमान में सामने आयीं एआई चुनौतियों जैसे डीप फेक का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार खाने के सामानों पर उसके अन्दर उपयुक्त सामग्री का लेबल किया जाता है। इसी तरह से डिजिटल दुनिया में भी आज के समय में लेबलिंग बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने एआई को मानव इतिहास का आज तक का सबसे परिवर्तनकारी नवाचार बताया और कहा कि इसकी तेजी और स्तर अब तक के हुए पिछले सभी नवाचार से कहीं ज्यादा है। ऐसे में इसके विनाशकारी प्रभाव भी हो सकते हैं, जिससे बचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एआई को खुली छूट दी जानी चाहिए, लेकिन जीपीएस की तरह कमान हमारे हाथों में होनी चाहिए। मैं एआई शिखर सम्मेलन में मानव विजन प्रस्तुत कर रहा हूं; एआई विभिन्न प्रकार के रोजगार सृजित करेगा। ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें एआई को लोकतांत्रिक करने और इसे समावेशी और सशक्त बनाने का माध्यम बनाने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए। मनुष्यों को केवल डेटा बना कर नहीं छोड़ा जा सकता। इसे समावेशन और सशक्तीकरण का माध्यम बनना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के एआई को समावेशी और लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण से लेकर क्वांटम कम्प्यूटिंग तक एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षित डेटा सेंटर, एक मजबूत आईटी ढांचा और एक गतिशील स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत को किफायती, स्केलेबल और सुरक्षित एआई समाधानों का एक स्वाभाविक केन्द्र बनाते हैं। मोदी ने इस बात पर बल दिया कि भारत में विविधता, जनसांख्यिकी और लोकतंत्र मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सफल होने वाला कोई भी एआई मॉडल वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सकता है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास प्रतिभा, ऊर्जा क्षमता और नीतिगत स्पष्टता है। भारत मानवता के छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही, भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़े तकनीकी प्रतिभा भंडार और एक समृद्ध प्रौद्योगिकी-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र का घर है। उन्होंने कहा कि 14 करोड़ भारतीय नयी प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। भारत में इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना न केवल देश के लिए, बल्कि पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए भी गर्व की बात है।
उन्होंने बताया कि सम्मेलन में 03 भारतीय कम्पनियों ने अपने एआई मॉडल्स और एप्स लॉन्च किये हैं। ये मॉडल्स हमारे युवा के प्रतिभा को दिखाते हैं और भारत के समाधान और उसकी गहराई तथा विविधता का भी प्रतिबिम्ब हैं। प्रधानमंत्री ने एआई शिखर सम्मेलन की प्रदर्शनी को लेकर व्याप्त उत्साह, विशेषकर युवा प्रतिभाओं की व्यापक भागीदारी की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कृषि, सुरक्षा, दिव्यांगजनों की सहायता और बहुभाषी आबादी की जरूरतों को पूरा करने जैसे क्षेत्रों में प्रस्तुत समाधान 'मेड इन इंडिया' की ताकत को दर्शाते हैं और एआई क्षेत्र में भारत की नवोन्मेषी क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अक्सर शुरुआत में संदेह का सामना करना पड़ता है, लेकिन जिस गति और विश्वास के साथ दुनिया भर के युवा एआई को स्वीकार कर रहे हैं, उस पर अपना अधिकार जमा रहे हैं और उसका उपयोग कर रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। बच्चों की सुरक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार स्कूलों के पाठ्यक्रम तैयार किये जाते हैं, उसी प्रकार एआई क्षेत्र भी बच्चों के लिए सुरक्षित और परिवार के मार्गदर्शन में होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का विषय है 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय', यानी सभी का कल्याण, सभी की खुशी। इसका उद्देश्य भारत को एआई के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में स्थापित करना और एक ऐसे भविष्य की कल्पना करना है, जहां एआई मानवता को आगे बढ़ाये, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और हमारे साझा ग्रह की रक्षा करे। इस समिट में सीईओ-सीएक्सओ सहित 500 से अधिक वैश्विक एआई लीडर, लगभग 100 सीईओ और संस्थापक, 150 शिक्षाविद और शोधकर्ता, और 400 सीटीओ, वीपी और परोपकारी लोग एक साथ आयेंगे। इसमें 100 से अधिक सरकारी प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जिनमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख और लगभग 60 मंत्री और उप मंत्री शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक नेताओं और दुनिया के शीर्ष सीईओ...**
उन्होंने लिखा कि दिल्ली में एआई शिखर सम्मेलन ने एआई जगत के दिग्गजों को एक साथ लाया है। इसमें 100 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व है। इसमें विश्व के हर कोने से विशिष्ट प्रतिभागी शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा उद्देश्य एक ही है ग्रह के कल्याण के लिए एआई की शक्ति का लाभ मिले।

**भारत-नीदरलैंड ने द्विपक्षीय सहयोग पर की बातचीत...**
दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड्स के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग को और मजबूत करने तथा आर्थिक साझेदारी में नये अवसरों का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को और सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया।

**अबूधाबी के क्राउन प्रिंस के साथ एआई सहयोग पर चर्चा...**
अल नाहयान के साथ गुरुवार को द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के द्विपक्षीय रिश्तों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के ऐतिहासिक सम्बन्धों को याद किया और विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की गयी।

**अश्विनी वैष्णव ने की नयी दिल्ली फ्रंटियर एआई...**
ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि भारत में एआई का काम और अपनाना दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत एआई का सबसे बड़ा बाजार बनेगा। रोजगार पर असर पड़ेगा, लेकिन नये अवसर भी आयेंगे।
एलियांस इंडिया के महाप्रबंधक सर्ज रैफार्ड ने कहा कि एआई सबके लिए उपलब्ध होना चाहिए ताकि पूरी दुनिया ऊपर उठे। ये समिट उम्मीद से कहीं बड़ा है। एन्थ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने कहा कि भारत एआई के भविष्य में केन्द्रीय भूमिका निभायेगा। कम्पनी ने बेंगलुरु में ऑफिस खोला है और इंफोसिस जैसी कम्पनियों से पार्टनरशिप की है। भारत में एआई को लेकर जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह है। निर्माण और नवाचार की भावना यहां अलग लेवल पर है। एआई के दुरुपयोग, आर्थिक प्रभाव और स्वायत्त व्यवहार जैसे मुद्दों में भारत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में सुचारू...**
वहीं, विधायक जयराम महतो ने दूसरा सवाल उठाते हुए कहा कि डैम का निर्माण किसानों की जमीन पर होता है। लेकिन, पानी कम्पनियों को दिया जाता है। फिर किसानों के पुनर्वास में इतनी अड़चनें क्यों आती हैं? जब कम्पनी को पानी मिल जाता है, तो किसानों के साथ भेद-भाव क्यों? इस पर जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने जवाब दिया कि अब हम लोग छोटे तालाबों का निर्माण करा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 2029-30 तक 04 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई की जायेगी। नए सिस्टम पर काम चल रहा है, ताकि अंडरग्राउंड पाइप लाइन से किसानों को पानी पहुंचाया जायेगा। विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में खाद्य आपूर्ति विभाग से जुड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। सुदूर क्षेत्रों में बायोमेट्रीक सिस्टम से राशन नहीं मिल रहा है, क्योंकि इंटरनेट नहीं है।
मंत्री इरफान अंसारी ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि सत्यापन का काम चल रहा है। सुदूर क्षेत्रों में बायोमैट्रीक के सवाल पर कहा कि सरकार ने 2जी को 4जी मशीन उपलब्ध करा दिया है। सही समय पर अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, विधायक सरयू राय ने बाजार समितियों के खस्ता हाल का मामला उठाया। राय भाजपा विधायक राज सिंह के स्थान पर सवाल पूछ रहे थे। इस पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बाजार समितियों का संचालन करने के लिए आवश्यक मानव बल उपलब्ध है। बाकी नियमावली शीघ्र बनायी जायेगी और इसका संचालन बेहतर तरीके से पारदर्शिता के साथ किया जायेगा।

**नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा**
झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जम कर निशाना साधा। सदन में उन्होंने राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, डीजीपी नियुक्ति, भूमि अधिग्रहण, कृषि नीति, शराब घोटाले पर बगैर चार्जशीट दाखिल आरोपितों को जेल भेजने से लेकर राज्य में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार की कार्यशैली पर गम्भीर सवाल खड़े किये। बाबूलाल की तमाम बातों को सुनने के बाद सीएम हेमन्त सोरेन ने सदन में शराब घोटाले पर कहा कि जो बातें न्यायालय में हैं, उन पर सदन में चर्चा करना सही नहीं। मरांडी ने आगे कहा कि सत्तापक्ष सरकार की ठोस उपलब्धियों के बजाय विषयांतर कर रहा है। जान-बूझ कर मोदी सरकार और उसकी नीतियों पर सवाल उठा रहा है।
उन्होंने आरोप लगाया कि जसीडीह और संताल परगना क्षेत्र में उद्योग के नाम पर आदिवासी किसानों की खेती योग्य जमीन छीनी जा रही है। लेकिन, यह सोचनीय विषय है कि अंग्रेजों के समय से भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो कान्हू सहित अन्य शहीदों ने आदिवासी मूलवासियों के जिस जल जंगल और जमीन के मुद्दे पर आन्दोलन किया। अपनी जान न्योछावर की। आज भी उसी मुद्दे पर आदिवासी समुदाय फंसी हुआ है। उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया गया है, लेकिन आज आदिवासी मूलवासियों को उनकी अपनी जमीन से बेदखल करने की कोशिश हो रही है। जसीडीह जमीन मामलों की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित की जाये, जो स्थल निरीक्षण कर जांच कर किसान हित में ठोस निर्णय ले। मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं करायी गयी, तो विपक्ष आन्दोलन शुरू करेगा।

**राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत और जी राम जी के मुद्दे पर हुई नोक झोंक...**
विधायक नीरा यादव ने कहा कि राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत जिस पर देश को अभिमान है, लेकिन पता नहीं क्यों, राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान, गाने पर आपत्ति होती है। समझ से परे है। जान-बूझ कर केन्द्र के हर फैसले का विरोध किया जाता है, जो उचित नहीं है। वहीं, सीपी सिंह ने मुर्मू के भाषण पर कटाक्ष किया। विधायक प्रदीप यादव ने अभिभाषण पर विपक्ष की ओर से संशोधन प्रस्ताव नहीं लाये जाने पर सवाल उठाया। प्रदीप यादव ने कहा कि जिस वंदे मातरम् की बात बोल रहे हैं, बंगाल में चुनाव के कारण ऐसी घोषणाएं की जा रही है। भाजपा सदस्य नीरा यादव ने रोक-टोक करते हुए कहा कि अब जबकि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण में बोलना है, तो विषय को छोड़ इधर-उधर की भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह सदन में मुद्दे पर ही बात करें। केन्द्र सरकार को बेवजह घेर कर क्या होनेवाला है। सदन में इस अभिभाषण पर उमाकांत रजक सहित अन्य सदस्यों ने भी बातें रखीं।

**विधानसभा परिसर के बाहर मांडू विधायक ने हाथियों के हमले...**
उन्होंने इसे सरकार की उदासीनता का परिणाम बताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दिये जा रहे मुआवजे को लेकर भी नाराजगी जतायी। वर्तमान में चार लाख रुपये की सहायता राशि को बढ़ा कर 20 से 30 लाख रुपये करने की मांग की। साथ ही, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठायी। क्षतिग्रस्त घरों के मामले में भी सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

**केरल में दिवंगत नन्ही बिटिया आलिन शेरिन अब्राहम का...**
यह केवल अंगदान नहीं था, मानवता के प्रति उनकी अटूट आस्था का जीवंत प्रमाण था। आलिन का जीवन भले ही अल्पकालिक रहा, परन्तु आज वह कई घरों की उम्मीद बन कर जीवित है और अमर हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि दिवंगत आलिन के माता-पिता ने जो किया, वह पूरी मानवता के लिए एक अमिट मिसाल है। ऐसी मिसाल, जो हर सीमा, हर भाषा और हर भेद से ऊपर है। मैं नन्ही आलिन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और दिवंगत के माता-पिता के अद्वितीय साहस को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन जी की संवेदनशीलता को भी नमन करता हूं, जिन्होंने दिवंगत आलिन के अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान देकर मानवता के इस संदेश को और ऊंचाई दी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि दूसरों को जीवन देने का महादान है-अंगदान। झारखंड राज्य में भी अंगदान की नीति को और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर आवश्यक कदम उठायेगी।

## एक झलक

### जहरीली गैस के रिसाव से 37 लोगों की मौत

**अबुजा** : नाइजीरिया के एक खदान में जहरीली गैस के रिसाव के कारण कई लोगों के हताहत होने की सूचना है। इस घटना को लेकर नाइजीरियाई पुलिस ने बताया है कि जहरीली गैस के रिसाव के कारण 37 लोगों के मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, गैस रिसाव के कारण प्रभावित हुए 26 लोगों को अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, उत्तर-मध्य नाइजीरिया की एक खदान में जहरीली गैस के रिसाव हुआ है। पुलिस प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने एक बयान में बताया कि यह घटना मंगलवार तडके पठार राज्य के वासे क्षेत्र में स्थित कम्पानी जुराक समुदाय में हुई। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि खनिक सीसा ऑक्साइड और सल्फर और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी अन्य संबंधित गैसों के अचानक रिसाव से प्रभावित हुए, जो मनुष्यों के लिए जहरीली और हानिकारक हैं, खासकर बंद या कम हवादार वातावरण में।

### कराची में सिलिंडर धमाके से गिरी इमारत

**मलबे में दब कर 16 लोगों की मौत, कई घायल**

**कराची** : पाकिस्तान के कराची में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल सिलेंडर धमाके के चलते कराची में एक रिहायशी इमारत गिर गई। इसके मलबे में दबकर 16 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने पुलिस और स्थानीय बचाव दल के हवाले से यह जानकारी दी है। घटना कराची के सोल्जर बाजार के गुल राणा कॉलोनी इलाके स्थित एक घर में हुई।
पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह धमाका गैस सिलेंडर लीक की वजह से हुआ था। यह घटना सुबह करीब 4:15 बजे, सहरी के समय हुई और गैस धमाका बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर हुआ। आपात सेवा ने मलबे से कई लोगों को बचाया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। हादसे में छह महिलाओं और 4 बच्चों समेत कुल 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। हादसे में 14 लोग घायल हैं। सिविल हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के डायरेक्टर, डॉ. मोहम्मद साबिर मेमन के अनुसार, 13 शव उनके अस्पताल में लाए गए थे।

## मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# फ्री खाना मिलेगा, तो लोग काम क्यों करेंगे

■ मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जायेगी


एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु बिजली बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, तमिलनाडु बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का वादा कर रहा है। वहीं एक मुकदमे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत समेत जजों ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोडकर मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहा- जो लोग भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

■ सरकारें रेवड़ी नहीं, रोजगार के अवसर करें पैदा

■ मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में डालती है बाधा



"कुछ राज्य घाटे में होकर भी फ्री में चीजें बांट रहे, आखिर पैसा कहां से आ रहा है?"
**सुप्रीम कोर्ट**

### देश के राज्यों में चल रहीं मुफ्त की योजनाएं

| बिजली से जुड़ी मुफ्त / सब्सिडी योजनाएं | अन्य मुफ्त/सहायता योजनाएं |
|---|---|
| **दिल्ली** – प्रति माह लगभग 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली (600-700 हजार उपभोक्ता लाभान्वित) | **दिल्ली** – महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा पानी मुफ्त / सब्सिडी (स्थानीय योजना) |
| **पंजाब** – प्रति घर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली | **मध्य प्रदेश** – लाड़ली बहना योजना, महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता, मेधावी लड़कियों को स्कूटी मुफ्त |
| **झारखंड** – प्रति माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली | **तमिलनाडु** – महिलाओं को मासिक सहायता, सार्वजनिक परिवहन में अन्य सुविधाएं |
| **राजस्थान** – चयनित परिवारों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली | **छत्तीसगढ़** – गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी |
| **हिमाचल प्रदेश** – 125 यूनिट तक मुफ्त | **हरियाणा** – महिलाओं को हर महीने आर्थिक मदद |
| **बिहार** – 125 यूनिट तक मुफ्त (नई घोषणा) | |
| **तेलंगाना/आंध्र प्रदेश/पंजाब (कृषि)** – किसानों के लिए बिजली मुफ्त कृषि उपयोग के रूप में दी जाती है | |

**कोर्ट ने राज्यों को दी सलाह और पूछा सवाल**


**वहीं,** कोर्ट ने राज्यों को सलाह दी कि मुफ्त चीजें बांटने के बजाय, रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा, भारत में हम कैसी संस्कृति बना रहे हैं? क्या यह वोट पाने की नीति नहीं बन जाएगी? फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब अगली सुनवाई में तय होगा कि ऐसे मुफ्त बिजली योजनाओं पर क्या नियम लागू होंगे। यह मामला इसलिए बड़ा है क्योंकि कई राज्यों में चुनाव से पहले मुफ्त योजनाएं घोषित होती हैं और इससे सरकारी खर्च बढ़ता है, जिससे आर्थिक संतुलन बिगडने का खतरा रहता है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने की भारत के तकनीकी समावेशन की प्रशंसा और कहा

# एआई के युग में एकजुटता जरूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने विश्व में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से हो रहे विकास एवं नवान्वेषण को जिम्मेदारी पूर्ण और मानव केन्द्रित रखने पर जोर दिया तथा कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में होने वाली रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में देशों की स्वतंत्रता और रणनीतिक स्वायत्तता



सुनिश्चित करना होगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने गुरुवार को एआई शिखर सम्मेलन के उद?घाटन समारोह में भारत के डिजिटल परावर्तन की प्रशंसा की तथा यूरोप एवं फ्रांस की भारत के साथ मिलकर एआई को वैश्विक भलाई के लिए उपयोग में लाने के विजन को सामने रखा। उन्होंने एआई और डिजिटल दुरुपयोग के खिलाफ बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जतायी और कहा कि इस दिशा में विश्व के देशों को मिल कर काम करना चाहिए।

### दिल्ली में 25 अटल कैंटीनों का शुभारम्भ

**नयी दिल्ली** : दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी में 25 नई अटल कैंटीनों की शुरूआत की। कृष्णा नगर की नर्सरी बस्ती से डिजिटल माध्यम से इन कैंटीनों का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही दिल्ली में अटल कैंटीनों की कुल संख्या बढ़कर 71 हो गई है। उद्घाटन के बाद उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने कैंटीन में बैठकर आम लोगों के साथ भोजन किया।

# वैश्विक समुदाय समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए आपस में हाथ मिलाये : राजनाथ

एजेंसी




■ रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में किया बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' का औपचारिक उद्घाटन

**नयी दिल्ली** : विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' में 74 देशों की नौसेनाएं हिस्सा ले रही हैं, ताकि समुद्री जुड़ाव, सामूहिक सुरक्षा और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। अभ्यास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ सीज के कानूनी ढांचे को एक बड़े ग्लोबल नेवल आर्किटेक्चर के जरिए और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों और नेविगेशन की आजादी पर आधारित समुद्री व्यवस्था बनाना चाहता है।
रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र है, इस क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्टिव और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे समुद्र में उभरती हुई मुश्किल और आपस में जुड़ी चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटें और आपसी सम्मान और लेन-देन की भावना से काम करें। समय के साथ इंटरनेशनल शांति बनाने में नौसेना की भूमिका और बढ़ी है। पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है, जिससे इंटरनेशनल व्यापार और ट्रांसपोर्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पानी को उन खतरनाक आतंकवादी गतिविधियों से बचाने की जरूरत है, जो इन इलाकों में पैर पसार रही हैं।
राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पुराने खतरे, पाइरेसी, समुद्री आतंकवाद, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, ट्रैफिकिंग, साइबर कमजोरियां और जरूरी सप्लाई चेन में रुकावट जैसी नई चुनौतियों के साथ मौजूद हैं।

### नक्सलवाद के खत्मे को लेकर अभियान शुरू

**बीजापुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तेलंगाना सीमा के पास नांवी और करेर्गुट्टा की पहाड़ियों से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए सुरक्षाबलों ने व्यापक अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बड़े नक्सली कैडरों की तलाश और उनका सफाया करना है। नांवी और करेर्गुट्टा पहाड़ियों में सघन सर्च ऑपरेशन चल रहा है।
सूत्रों के अनुसार अभियान में बड़ी संख्या में जवान शामिल हैं, जो नांवी और करेर्गुट्टा पहाड़ियों में सघन सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। यह कार्रवाई केंद्र एवं राज्य सरकार के उस लक्ष्य का हिस्सा है, जिसमें मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने की योजना बनाई गई है।

## मंगोलिया के लिए भारत सिर्फ पड़ोसी नहीं, एक 'पवित्र भूभाग' है : शेखावत



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कहा कि मंगोलिया में भारत को एक 'पवित्र भूभाग' और 'आध्यात्मिक पड़ोसी' के रूप में देखा जाता है।
गजेन्द्र शेखावत ने यह बात आज नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर कही। यह कार्यक्रम 'भारत और मंगोलिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान' विषय पर आधारित है। इसे आईजीएनसीए के 'बृहत्तर भारत और क्षेत्र अध्ययन विभाग' की ओर से आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में शेखावत ने कहा, ₹ यह सम्मेलन भारत और मंगोलिया के बीच साझा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को दशार्ता है।₹ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 की मंगोलिया यात्रा का स्मरण

# समुद्री शक्ति और नीली अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा एआई

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने यहां के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में समुद्री भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण चर्चा का नेतृत्व किया। 'हमारे भविष्य के महासागरों के लिए एआईः डेटा, मॉडल और शासन' विषयक इस उच्चस्तरीय चर्चा सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भारत के समुद्री शासन और नीली अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगी।
सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि एआई का उपयोग केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इनमें समुद्री शासन और आपदा प्रबंधन, नीली अर्थव्यवस्था, डेटा-आधारित निर्णय शामिल है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक डॉ. एम. मोहपात्रा ने कहा कि महासागर अवलोकन और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में भारत की क्षमताएं अब वैश्विक स्तर की हैं।

